हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## छठ महापर्व पर जगमगाया खारुन तट

रायपुर। सूर्यदेव की उपासना के त्योहार छठ महापर्व पर खारुन नदी स्थित महादेवघाट शाम होते ही रोशनी से जगमगा उठा। रंगीन रोशनी से जगमगाती नावों से नदी का आकर्षक नजारा देखने लायक था। पर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने सूर्य को अर्ध्य दिया और घर लौटे। तीन दिनों से छठ महापर्व के आयोजन में व्रतधारियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मंगलवार सुबह सूर्य को अर्ध्य देने के बाद व्रत की पारणा होगी।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के घर धावा कैश-जेवर किए पार

रायपुर। कोतवाली थाने में एक पुलिसकर्मी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ नकदी 30 हजार रुपए सहित 80 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



पुलिस लाइन में बने पुलिस क्वार्टर के ब्लाक एच-3 के 33 नंबर मकान में रहने वाला गणेश कुमार ध्रुव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। गणेश ने पुलिस को बताया कि शनिवार को अज्ञात चोर उसके मकान में धावा बोलकर दरवाजे का ताला तोड़ा और मकान के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी, जेवर चोरी कर ले गया।

### पूर्व सीएम के बेटे को नहीं मिली जमानत

रायपुर। करोड़ों के शराब घोटाला केस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की ईडी की विशेष अदालत ने जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। चैतन्य बघेल की ओर से यह पहली जमानत याचिका थी। 24 अक्टूबर को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसकी अब सुनवाई की गई। कोर्ट ने कहा कि चैतन्य को जमानत देने पर जांच प्रभावित हो सकती है, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। चैतन्य बघेल मनी लॉन्ड्रिंग केस में 101 दिन से जेल में बंद है।

### पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला, चार गिरफ्तार

रायपुर। पंडरी पुलिस ने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आर्यन यूनिक सेलून में काम करने वाला मेराज आलम की शिकायत पर पुलिस ने दुर्गेश मार्कण्डेय उर्फ मारी सेठ, सोहेल खान, सरबाज खान तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। मेराज ने पुलिस को बताया कि पांच दिन पूर्व चारों ने सेलून में आकर उससे पांच हजार रुपए देने की मांग की। पैसे देने से इंकार करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और फरार हो गए।



# शहर की सड़कों में जानलेवा गड्ढे, रिटायर होकर लौट रहे बैंक मैनेजर की हादसे में मौत

**दोपहिया से लौटते समय गड्ढे में गिरने के बाद तेज रफ्तार कार से सिर कुचला**

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में जो सड़कें उखड़ने के साथ टूट गई हैं, इसके साथ जो गड्ढे हुए हैं, उसमें सुधार नहीं होने से दोपहिया वाहन चालकों के गिरकर घायल होने के साथ मौतें हो रही हैं। एक ऐसे ही मामले में आमापारा चौक स्वीपर कॉलोनी के पास जिला सहकारी बैंक के मैनेजर की कार से कुचलकर मौत हो गई। मृतक अपनी सेवानिवृत्ति के बाद बैंक में सेवानिवृत्ति की जरूरी फार्मलिटी पूरी कर लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र की है।

कार एक्सीडेंट में विकासपुरी निवासी लक्ष्मीकांत तिवारी की मौत हुई है। घटना का सीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि लक्ष्मीकांत अपने रास्ते से जा रहे हैं, इस दौरान ▶▶|शेष पेज 13 पर



### इस मार्ग में आए दिन एक्सीडेंट

*भाठागांव से काठाडीह जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इस मार्ग में बीच सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इसके अलावा सड़क के दोनों किनारे पर नाली निर्माण का काम कराया जा रहा है। इससे कई जगह से पानी की पाइप लाइन फूट गई है। पाइप लाइन फूटने की वजह से पानी सड़क में बहकर आ जाता है। इसके कारण सड़क में कीचड़ होती है, जिसमें लोग दोपहिया से स्लिप होकर आए दिन गिरते रहते हैं। भाठागांव मार्ग का चौड़ीकरण होना है, इस वजह से निगम प्रशासन सड़क सुधारने में ध्यान नहीं दे रहा।*

### अक्टूबर से शुरू होना था काम

*बारिश थमने के बाद अक्टूबर से सड़कों की मरम्मत के साथ जहां नई सड़कें बनाने का काम शुरू होना था, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हुआ है। इसीलिए पहले से जर्जर सड़कें और जर्जर होती जा रही हैं। सड़क खराब होने की वजह से शहर की ज्यादातर जगहों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।*

### शहर के 10 ऐसे प्रमुख मार्ग, जहां गड्ढों का साम्राज्य

शहर के ज्यादातर प्रमुख मार्ग जहां ट्रैफिक का पूरे समय दबाव रहता है। उन मार्गों में भी बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई जगह तो स्थिति ऐसी है कि सड़क को नए सिरे से बनाना पड़ेगा। बावजूद इसके सड़क मरम्मत करने के साथ नई सड़क बनाने निगम प्रशासन उदासीन है। ऐसी सड़कों की सूची इस प्रकार से है-

- लाखेनगर से आमापारा
- आमापारा से समता कालोनी
- स्टेशन रोड से तेलघानी नाका
- पुरानी बस्ती से मठपारा
- भाठागांव से काठाडीह
- रायपुरा सर्विस रोड से चंगोराभाठा
- पुलिस लाइन से बैरनबाजार होलीक्रास स्कूल

# स्पॉ सेंटर संचालक से लूट कांड में डकैती का केस दर्ज


स्पॉ सेंटर संचालक को बंधक बनाकर सवा लाख की लूट

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्पॉ सेंटर संचालक तथा उनके मैनेजर को बंधक बनाकर लूट करने वाले 20 बदमाशों के खिलाफ राजेंद्रनगर पुलिस ने डकैती सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। बदमाशों ने अपने आपको शिवसेना कार्यकर्ता बताकर स्पॉ सेंटर संचालक सन्नी मनवानी के साथ प्रोटेक्शन मनी देने का दबाव डालकर डकैती की थी। इधर, शिव सेना शिंदे गुट के प्रमुख धनंजय परिहार ने संपर्क करने पर बताया कि जिन बदमाशों ने लूट की है, उनका उनकी पार्टी से कोई संबंध नहीं है। राजेंद्रनगर में स्पॉ सेंटर संचालित करने वाले सन्नी मनवानी ने रविवार को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एक लाख 20 हजार रुपए डकैती डालने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### शिवसेना प्रमुख बोले- सख्त कार्रवाई करे पुलिस

डकैती डालने वाले बदमाशों द्वारा अपने आपको शिवसेना कार्यकर्ता बताए जाने पर शिवसेना प्रमुख शिंदे गुट धनंजय सिंह परिहार का कहना है कि ऐसे अपराधिक तत्वों के साथ शिवसेना का कोई संबंध नहीं है। साथ ही उन्होंने डकैती डालने वाले बदमाशों की पुलिस से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 'अपार' बनाने पैरेंट्स नहीं दे रहे 'आधार' प्रदेश में 11वें नंबर पर रायपुर, शीर्ष पर कोरबा

- नवीन शैक्षणिक सत्र से प्रवेश के लिए अपार आईडी अनिवार्य करने की हो रही है तैयारी
- यह एक तरह का यूनिक, जिसके माध्यम से ज्ञात कर सकेंगे छात्रों का अकादमिक रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी स्कूलों के सामने नई तरह की समस्या आ खड़ी हुई है। छात्रों की अपार आईडी बनाने पालक आधार कार्ड प्रबंधन को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इधर, प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों को कई डेडलाइन अपार आईडी निर्माण के लिए दी जा चुकी है। तय समय पर अपार आईडी निर्माण नहीं करने के कारण निजी स्कूलों को कई बार फटकार भी पड़ चुकी है। सभी जिलों के कलेक्टर को इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। अगले शैक्षणिक सत्र से स्कूलों में प्रवेश तथा परीक्षा में शामिल होने के लिए अपार आईडी को अनिवार्य किए जाने की योजना पर कार्य चल रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्मित हो। गौरतलब है कि अपार आईडी एक तरह की यूनिक आईडी है। जिस तरह से आधार कार्ड प्रत्येक व्यक्ति के लिए पृथक रूप से होता है तथा इससे उक्त व्यक्ति के संदर्भ में पूरी जानकारी प्राप्त हो जाती है। उसी तरह से अपार आईडी एक तरह की अकादमिक आईडी है। इसके जरिए सभी छात्रों का अकादमिक रिकॉर्ड सहेजा जाएगा। पिछले शैक्षणिक सत्र से ही अपार आईडी निर्माण संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। अगले सत्र से इसे अनिवार्य कर दिया जाएगा।




### दुरुपयोग का भय

पालक आधार आईडी के गलत इस्तेमाल होने के भय से इसे साझा नहीं कर रहे हैं। शासन को चाहिए कि वे इस दिशा में स्पष्ट निर्देश पालकों के लिए भी जारी करे।
**-राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

### रायपुर में सर्वाधिक निजी स्कूल यही पिछड़ा

*प्रदेश में रायपुर एकलौता ऐसा जिला है, जहां शासकीय विद्यालयों की तुलना में निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या अधिक है। यहां शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या लगभग 2 लाख है, जबकि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 2 लाख 75 हजार के करीब है। इसके बाद भी यहां के निजी स्कूल छात्रों की अपार आईडी बनाने में पिछड़ते जा रहे हैं। निजी स्कूलों का कहना है कि पालकों द्वारा बच्चों के आधार कार्ड नंबर नहीं दिए जा रहे हैं। अपार आईडी को अधार कार्ड नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। दूसरे शब्दों में आधार नंबर के बगैर अपार आईडी का निर्माण संभव नहीं है। आधार कार्ड नंबर ही उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्रों की अपार आईडी वे नहीं बना पा रहे हैं। अपार आईडी निर्माण में रायपुर 11वें स्थान पर है, यहां 80.06 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी निर्मित हो चुकी है। शीर्ष पर कोरबा है। यहां के 90.31 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी निर्मित हो चुकी है।*







# 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल, खर्च होंगे 45 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बाहर से आकर काम करने वाली कामकाजी महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। रायपुर नगर निगम राजधानी के अलग-अलग 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल का निर्माण कराने जा रहा है। समता कालोनी स्थित भैंसथान की जमीन, पंडरी स्थित पुराने बस स्टैंड के पास वाली खाली पड़ी जमीन और टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब के पास की खाली पड़ी जमीन पर वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाया जाएगा। 45 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### पीपीपी मोड पर होगा संचालन

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि वर्किंग वूमन हॉस्टल का संचालन और संधारण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर किया जाएगा। 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण कार्य के पूरा होने के बाद नगर निगम इसके संचालन और संधारण करने के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर करेगा।

## खबर संक्षेप



### पंजीयन के आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित

**आरंग।** किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 1 नवम्बर को प्रस्तावित चक्का जाम आंदोलन अब स्थगित कर दिया गया है। शनिवार को जनपद पंचायत आरंग के सभा कक्ष में एसडीएम अभिलाषा पैकरा और किसान प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में सकारात्मक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में किसानों की प्रमुख मांग एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन से जुड़ी रही। इस पर प्रशासन की ओर से किसानों की समस्याओं का समाधान निकालने हेतु विशेष सर्वे करवाकर 31 अक्टूबर तक समस्त किसानों का पंजीयन कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही अन्य मांगों को भी प्राथमिकता के आधार पर शासन तक पहुंचाने का वादा किया गया। प्रशासन के इस सकारात्मक रुख से किसान प्रतिनिधि संतुष्ट नजर आए और उन्होंने 1 नवम्बर को प्रस्तावित चक्का जाम आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया।बैठक में जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, पारस नाथ साहू, द्वारिका साहू, गोविंद चंद्राकर, के.के. चंद्राकर, श्रवण चन्द्राकर जनक राम आवड़े, पोषण साहू खिलेश देवांगन सहित अनेक किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारी तथा आरंग, मंदिर हसौद और समोदा के तहसीलदार भी बैठक में मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति खंडित, कार्रवाई की मांग

**आरंग।** रायपुर के वीआईपी चौक में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर तोड़ने की घटना से प्रदेशभर में आक्रोश व्याप्त है। शिवसेना जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह कृत्य छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर हमला है। इस दौरान शिवसेना के केशव वैष्णव, राज दुबे, रिंकू यादव, व्यास सोनकर, टेकु देवांगन, रूपेश धीवर, रेखराज अग्रवाल, पार्षद उमाकांत यादव, शत्रुघ्न सोनकर, उजाला धीवर, देवा साहू, कोमल यादव, सूर्या साहू, कमलू निर्मलकर, विराज लोधी, जीतू निषाद, सागर पटेल और मानस लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए शासन-प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

### क्राफ्ट ड्राईंग स्पर्धा और पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ

**सिलयारी।** रैंबो फिंगर्स एनजीओ ने बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को स्पर्श लाइफ सिटी के क्लब हाउस धरसीवा में एक भव्य क्राफ्ट ड्राइंग कॉम्पीटिशन का आयोजन किया। यह आयोजन स्थानीय बच्चों को उनकी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ सामुदायिक एकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बरखा लोकेश साह उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की और रैंबो फिंगर्स एनजीओ के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।
@ क्राफ्ट ड्राइंग कॉम्पीटिशन में 26 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## निधन

### भारत भूषण नायक

**कुरां/धरसींवा।** गिरौद (धरसींवां) निवासी, रिटायर्ड हेड मास्टर श्री भारत भूषण नायक (73) का सोमवार, 27 अक्टूबर को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गिरौद के मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार मनीष नायक, मनोज नायक और प्रीति वर्मा के पिता थे। अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए श्री नायक की अंतिम यात्रा में परिवारजन और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लखौली शिविर में 150 लोगों का हुआ इलाज, 15 ने किया रक्तदान

## ब्लड प्रेशर, शुगर और आंखों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1 (सीजी) नेवल एनसीसी रायपुर द्वारा बैटर भारत फाउंडेशन रायपुर के सहयोग से एनसीसी प्रशिक्षण केंद्र लखौली में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ कमांडिंग ऑफिसर 1 सीजी नेवल एनसीसी रायपुर लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरुद्ध ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं चिकित्सा विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### प्रमाण पत्र दिए गए

एनसीसी कैडेट्स सिर्फ अनुशासन के प्रतीक नहीं, बल्कि समाज के प्रेरक भी हैं।सभी रक्तदाताओं को बैटर भारत फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर की सफलता में एनसीसी अधिकारियों, स्वयंसेवकों और चिकित्सक दल का विशेष योगदान रहा।अंत में आयोजकों ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य व सामाजिक सेवा कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में स्वस्थ जीवनशैली और मानवीयता का संदेश प्रसारित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, बीएमआई, नेत्र जांच, दंत परामर्श, स्त्री रोग, मानसिक रोग सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।इसी क्रम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 150 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई और उल्लेखनीय मात्रा में रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर पी. अनिरुद्ध ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजन युवाओं में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

## खलनायक सिनेमा के गीत पर चाकू, हँसिये और फरसे का किया खुलकर प्रदर्शन

# हथियार लहराने वाले 7 आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवां

सोशल मीडिया पर 'खलनायक' फिल्म के गाने पर घातक हथियार लहराकर डांस करने और पुलिस को खुली चुनौती देने वाले सात युवकों की धरसीवां पुलिस ने हेकड़ी निकाल दी है। सोमवार को पुलिस ने न सिर्फ सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया, बल्कि उन्हें हथकड़ी पहनाकर सड़कों पर जुलूस भी निकाला और उनसे जुर्म करना पाप है, पुलिस हमारा बाप के नारे लगवाए। पुलिस की इस कठोर कार्रवाई ने क्षेत्र में कानून का खौफ फिर से कायम किया है।

- बढ़ते अपराध पर पुलिस का चला डंडा, युवकों पर फौरन की कार्रवाई

**लोगों को आतंकित करने की बेजा हरकत :** मामला धरसीवां के नगर पंचायत कुरा का है, जहाँ आरोपी चंद्रशेखर पाल, पियुश रजक, समीर साहू, अर्जुन कुमार साहू, शुशांक नामदेव उर्फ समर देवांगन, अर्जुन यादव और गौरव उर्फ अमन साहू नामक सात युवकों ने अपनी 'दादागिरी' दिखाने के लिए एक खतरनाक कदम उठाया था। इन युवकों ने बॉलीवुड फिल्म 'खलनायक' के मशहूर गाने पर चाकू, हँसिये और फरसा जैसे घातक हथियारों का खुलकर प्रदर्शन करते हुए डांस किया और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो कानून-व्यवस्था के लिए एक खुली चुनौती जैसा था, जिसके चलते क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। इस खबर को बीते अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से ख़बर उठाया था।






### नगर पंचायत कूंरा में निकाला जुलूस

मामले की गंभीरता को देखते हुए धरसीवां पुलिस तत्काल हरकत में आई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वीडियो में दिख रहे सभी सातों आरोपियों की पहचान की और उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने समाज में एक सख्त संदेश देने के लिए 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई। सभी सातों आरोपियों को हथकड़ी पहनाई गई और नगर पंचायत कुरा की सड़कों पर उनका जुलूस निकाला गया। इस दौरान युवकों को बार-बार 'जुर्म करना पाप है, पुलिस हमारा बाप' के नारे लगाने पड़े। हथियार लहराकर 'खलनायक' बनने वाले इन युवकों की सरेआम हेकड़ी निकल गई, जिसे देखने के लिए सड़कों पर भीड़ जमा हो गई। जनता ने पुलिस की इस कार्रवाई की जमकर सराहना की।

### 7 आरोपियों को भेजा गया जेल

थाना प्रभारी राजेंद्र ने बताया कि धरसीवां पुलिस ने सभी 07 आरोपियों के खिलाफ सख्त आर्म्स एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की है। कानून-व्यवस्था को चुनौती देने और आतंक फैलाने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को पुलिस रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# गुल्लू की व्याख्यान संगोष्ठी में मानस की अध्यात्मिक महिमा को निराला बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मां कौशल्या जिला मानस संघ से संबद्ध राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के अध्यक्ष सीताराम यादव, सचिव गेंदलाल धीवर समस्त ग्रामवासी संतोषी माता चौक गुल्लू के संयोजन तथा मानस संगोष्ठी परिवार जिला मानस संघ के मार्गदर्शन में दीपावली मिलन मानस व्याख्यान संगोष्ठी का आयोजन में पं. गजेंद्र तिवारी, सीताराम यादव, हीरालाल साहू, मानस लोधी, परमानंद जलक्षत्री, बाहरू राम सिन्हा, लक्ष्मीनाथ साहू, टोकेश साहू, कीमत साहू एवं गणमान्य वरिष्ठ नागरिकों के हाथों पूजा पाठ महालक्ष्मी भगवान गणेश, श्री राम के छाया चित्रों पर धूप दीप चंदन बन्दन पुष्प अर्पित कर मंत्रोचार के साथ हनुमान चालीसा राम भजन के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन में जिला मानस संघ एवं शक्ति केंद्र के पदाधिकारीगण श्यामलाल साहू, रेखराज धीवर, पिंटू पटेल, यशवंत साहू, कोमल साहू, लतेल जायसवाल, रेखराज धीवर, बिसहत साहू उपस्थित हुए। रामचरित मानस के पावन प्रसंगों पर अवध विश्वकर्मा, भुवन साहू, सीताराम यादव, सोमनाथ निषाद, ओंकार पटेल, कलाराम तारक, चंद्रहास सिन्हा, बुगेश्वर साहू, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश यादव ने विभिन्न शैलियों में सारगर्भित सरल व्याख्या प्रस्तुत किया गया। राजस्थान पथमेड़ा गौ धाम से पधारें नंद बाबा एवं जगदीश गोपालानंद सरस्वती के कृपापात्र शिष्य भारत भाई महाराज का विशेष उद्बोधन व आह्वाहन रहा, जिसमें उन्होंने अपने प्रभावशाली व ओजस वाणी से वेद पुराणों का उल्लेख कर तथा हमारे पूज्यनीय देवों श्री राम कृष्णा के आदर्श चरित्रों का दृष्टांत देकर सनातन संस्कृति के मूलाधार गौ माता की रक्षा का आह्वाहन किया। धर्म संस्कृति से युक्त सारगर्भित धाराप्रवाह प्रवचनों ने श्रोताओं को आनंदित कर अलौकिक ऊर्जा से ग्रामीण जन ओतप्रोत हुए। संपूर्ण वातावरण गौ माता के जयकारा से गुंजायमान हुआ। मंच का संचालन लतेल जायसवाल के द्वारा किया गया।

# बन्नूभाई तालाब में छठ पूजा की धूम आज उगते सूरज की पूजा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा, जिपं सदस्य स्वाति वर्मा व पार्षद रानी जैन ने दी शुभकामनाएं

बिहार समाज के द्वारा छठ पूजा का कार्यक्रम प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मनाया जा रहा है आज बन्नू भाई तालाब में डूबते हुए सूर्य को अर्ध दिया गया। साथ ही कल मंगलवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्ध दिया जाएगा, वहीं आज छठ पर्व पर बन्नू भाई तालाब में तालाब के चारों तरफ भारी भीड़ का नजारा है बिहारी समाज सहित अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में तालाब पर उपस्थित है और छठ कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही डूबते हुए सूर्य को अर्थ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्वाति वर्मा , पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद श्रीमती सुधा चौबे आदि भी उपस्थित हुए और सभी ने वहां पर उपस्थित होकर छठ पर्व की बधाई दी एवं छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बिहारी समाज सहित अन्य समाज के लोग भी उपस्थित हुए नागरिक गण भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, तालाब के चारों तरफ भारी भीड़ रहा। वही यह भी बताया गया कि इस तालाब में छठ पूजा के लिए घाट कम पड़ रहा है, बिहारी समाज के लोगों ने तालाब में घाट निर्माण की मांग की है, वही इस वर्ष बड़ी संख्या में छठ पूजा में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।



### कलार समाज ने किया शिक्षा रत्न से शिक्षकों का सम्मान

**कूंरा।** आज शुरुआत हुई एक नए प्रयास से छत्तीसगढ़ कलार समाज के तत्वाधान में सामाजिक शिक्षा रत्न के रूप में कलार समाज के शिक्षक वर्ग को सम्मानित किया गया। जिसमें हमारे कुलदेव भगवान सहस्त्रबाहु साक्षी रहे। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान के रूप में श्रीमती पूर्णेश डड़सेना जी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंगोराभाठा पूर्व जिला रायपुर को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनंदगांव, रायगढ़, गरियाबंद जिले के शिक्षकों को उनके कार्य एवं समाज के प्रति दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर एक उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में एक नई दिशा देने के लिए विशेष सम्मान से भी सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग, राकेश पांडे , महासमुंद विधायक राजू सिन्हा अपने समाज का गौरव बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे।

# नेशनल कराते में अभनपुर के छात्रों को मिले 13 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भिलाई महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय ओपन नेशनल कराटे टूर्नामेंट में एनएस मार्शल आर्ट एकेडमी अभनपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक प्राप्त किए जिसमे 4 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य शामिल है। एकेडमी मुख्य कोच व मार्गदर्शक सिहान मनीष बाग एवं हेड कोच सेन्सेई नेमधारी सोनवानी,कोच सागर सोवानी ने इस उपलब्धि पर कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों को सिखाने की कला है। हमारे खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिखाया कि समर्पण और मेहनत से हर लक्ष्य संभव है सभी खिलाड़ियो को बधाई।



# नवीन विस का नामकरण मिनीमाता के नाम पर यथावत रखने की मांग

**सिलयारी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पीसीसी डेलीगेट एवं धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का नामकरण पहले से ही छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और समाजसेवी ममतामयी मिनीमाता जी के नाम पर है। इस नामकरण को यथावत रखा जाए क्योंकि यह न केवल मिनीमाता जी के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को सम्मानित करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने का प्रतीक है। मिनीमाता जी ने अपने जीवनकाल में समाज के उत्थान, विशेषकर वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अथक प्रयास किए। उनके नाम पर विधानसभा का नामकरण छत्तीसगढ़ की जनता के लिए गर्व का विषय है और भावी पीढ़ियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा प्रदान करता है।



**मजदूरी हुई दुगुनी किसान परेशान, उत्पादन में कमी की आशंका**

# गीले खेत में हार्वेस्टर हुआ फेल हाथ से धान की कटाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बरसात की विदाई व दीपावली पर्व पूर्व हुई बारिश से खेत व खलिहान गीले हो जाने के कारण किसानों को हरहुना धान की कटाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में पानी भरे या ज्यादा गीले होने के चलते हारवेस्टर मशीनें धान की कटाई नहीं कर पा रही हैं, जिससे मजबूरन किसानों ने हाथों से कटाई शुरू कर दी है।धान की फसल पककर तैयार है, परंतु गीली मिट्टी के कारण मशीनें खेत में फंसने का डर बना हुआ है। ऐसे में ग्रामीण अंचलों के किसान अब हसिया के सहारे एक-एक पौधा काटकर खेत में ही धान को "रचा" (इकट्ठा) कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेत सूखने में अभी कुछ दिन लगेंगे, तब तक कटे हुए धान को खेत में ही सुखाने के बाद खलिहान में पहुंचाया जाएगा।



कुकरा के किसान तिलक साहू ने बताया कि बारिश और खेतों में गिला पन होने के कारण मजदूरों से धान कटाई कराया। मजदूर भी अब दोगुनी दर मांग रहे हैं, जिससे कटाई का खर्च काफी बढ़ गया है। वहीं, चेन हारवेस्टर से कटाई कराने वालों को भी दिक्कत हो रही है, क्योंकि कई जगह मशीनें खेतों में फंस रही हैं।

खेत में जगह-जगह पानी जमा होने से धान के गिर जाने और सड़ने की आशंका भी किसानों को परेशान कर रही है। किसान अब मौसम खुलने की प्रार्थना कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द कटाई का कार्य पूरा कर फसल को सुरक्षित रखा जा सके।ग्राम लखौली, फरफौद, उमरिया, रीवा गुजरा सहित आसपास के गांवों में यही स्थिति बनी हुई है। किसान दिनभर गीले खेतों में पैर तक धंसाकर कटाई का कार्य कर रहे हैं।

तेरहवीं (त्रयोदशी) विधि



स्व.श्री भवानी शंकर शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी
श्री भवानी शंकर शर्मा (रिटायर्ड फूड ऑफिसर) का स्वर्गवास बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 को हो गया है।
जिनकी तेरहवीं (त्रयोदशी) का कार्यक्रम इस प्रकार है–

तेरहवीं (त्रयोदशी) दिनांक – 28 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे
स्थान– पंजाब केसरी भवन, प्रतिष्ठा मैरिज हॉल के पास, जोरा, रायपुर

–: शोकाकुल परिवार :–

उचित–वंदना शर्मा (पुत्र–पुत्रवधु) | अभिलाषा – अनीश (पुत्री–दामाद)
प्रशांत–नीतू शर्मा (पुत्र–पुत्रवधु) | रचना – संतोष (पुत्री–दामाद)
विक्रांत–नीलम शर्मा (पुत्र–पुत्रवधु) | प्रगति – सुजीव (पुत्री–दामाद)
जाह्नवी (पौत्री) प्रथम, सोहम, अथर्व (पौत्र)
एवं समस्त शर्मा परिवार... मो.: 9826642040, 9826130597, 7489978910

विनीत : राजधानी-ई-रिक्शा एण्ड मोटर्स, पहल समाजिक संस्था

# राज्योत्सव में तीन लाख परिवारों को पीएम आवास योजना की देंगे चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्योत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौरे की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी करीब साढ़े तीन लाख परिवार को पीएम आवास की चाबी सौंपेंगे। साथ ही करीब 12 सौ करोड़ रुपए आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित करेंगे।

बस्तर, सरगुजा, और अन्य जिलों के पांच से दस आवास योजना के हितग्राहियों को पीएम खुद चाबी दे सकते हैं। मोदी का गारंटी में 18 लाख पीएम आवास का निर्माण शामिल था। सरकार बनने के बाद आवास निर्माण के काम को प्राथमिकता से किया जा रहा है। सभी जिलों में पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को सहायता प्रदान की जा रही है। स्वीकृत आवासों के निर्माण की लगातार निगरानी कर किश्तों के भुगतान की जा रही है। छत्तीसगढ़ को केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 8,46,931 आवासों की स्वीकृति मिली है। इसमें एसईसीसी 2011 की सूची के अनुसार 6,99,331 आवास और आवास प्लस सूची के अनुसार 1,47,600 आवास शामिल हैं। आवासों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। राज्योत्सव के मौके पर जो आवास पूर्ण हो चुके हैं, उनकी चाबी सौंपी जाएगी।

## डिप्टी सीएम साव, मंत्री ओपी चौधरी और केदार कश्यप कर रहे मानिटरिंग



### तीन मंत्रियों को दी गई मानिटरिंग का जिम्मा

रजत जयंती वर्ष में राज्य स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने के लिए सरकार के तीन मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, और वनमंत्री केदार कश्यप को कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। राज्योत्सव सरकारी कार्यक्रम है, लेकिन पार्टी संगठन ने प्रमुख पदाधिकारियों को भी दायित्व सौंपा है।

### राज्योत्सव में 1 लाख की भीड़ जुटेगी

प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी और क्रेडा के चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह सवन्नी को जिले के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को राज्योत्सव में उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। समारोह में करीब एक लाख लोगों के जुटने की तैयारी है। हर जिले को टारगेट दिया गया है। श्री साव ने कहा, राज्योत्सव में प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा, राज्योत्सव को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह और गर्व का माहौल है। गांव और शहरों से लाखों की संख्या में लोग उनको सुनने और राज्योत्सव में शामिल होने के लिए नवा रायपुर पहुंचेंगे।

## खबर संक्षेप



### बीएसएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2 तक

**रायपुर।** बीएसएनएल छत्तीसगढ़ परिमंडल में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सोमवार को परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक वीके छबलानी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को हमेशा सतर्क रहना चाहिए एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि जागरूकता सप्ताह के दौरान हिंदी निबंध, प्रश्नमंच एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रतिमा तोड़फोड़, शिवसेना ने की सख्त कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा में तोड़फोड़ मामले की शिवसेना (शिंदे गुट) ने कड़ी निंदा करते हुए दोषी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शिवसैनिकों ने जहां-जहां छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग शासन से की है। इस संबंध में शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि प्रतिमा तोड़फोड़ के दोषी पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाए। साथ ही उक्त स्थल का नामकरण छत्तीसगढ़ महतारी चौक किया जाए। यह मांग हमने की है। ज्ञापन सौंपने वालों में रेशम जांगड़े, संजय नाग, एचएन सिंह पालीवार, सूरज साहू, विजय नाग, अमर नायक, संजू साहू, राहुल राजपूत समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल रहे।

### भ्रष्टाचार के आरोप में श्रम निरीक्षक निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग अंतर्गत कार्यालय श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में कार्यरत श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक को भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। श्रम निरीक्षक पर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अवैध उगाही के आरोप लगाए गए थे। श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा 24 अक्टूबर को एक जांच समिति गठित की गई। समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रम निरीक्षक श्री कौशिक द्वारा कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान कथित रूप से अवैध वसूली और अनियमितताएं की गई हैं। इसी के आधार पर उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर निर्धारित किया गया है। श्रमायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा जांच आगे भी जारी रहेगी।

## डिप्टी सीएम साव ने विधानसभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

# साव बोले- यह केवल खूबसूरत इमारत नहीं, हमारी संस्कृति-परंपरा का वाहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सोमवार को नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण की तैयारियों का निरीक्षण किया। वन मंत्री केदार कश्यप भी इस दौरान उनके साथ थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवम्बर को राज्योत्सव के मौके पर विधानसभा के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। वे विधायकों और आमंत्रित अतिथियों को संबोधित भी करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नवीन विधानसभा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की मूर्ति के अनावरण स्थल, विधानसभा के सदन और मंचीय कार्यक्रम के स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नवा रायपुर के सेक्टर-19 में मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालय के पीछे 51 एकड़ परिसर में विधानसभा का नया भवन बनाया गया है।



### रजत जयंती पर मिलने जा रहा आधुनिक भवन : साव

*उन्होंने लोकार्पण की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कहा, 1 नवम्बर का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विधानसभा के नए भवन को छत्तीसगढ़ की जनता को समर्पित करेंगे। नया राज्य बनने के बाद वर्ष 2000 में रायपुर के राजकुमार कॉलेज से शुरू हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा को 25 वर्षों के बाद रजत जयंती वर्ष में खुद का भव्य और आधुनिक भवन मिलने जा रहा है। हमारा यह नया विधानसभा भवन केवल एक खूबसूरत इमारत ही नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा का वाहक भी है।*

### जरूरी व्यवस्था और तकनीक का समावेश

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नए विधानसभा भवन को वर्तमान और भविष्य की जरूरत के हिसाब से बनाया गया है। आधुनिक, सर्वसुविधायुक्त, सुसज्जित इसके सदन को 200 सदस्यों के बैठने के लिए विस्तारित किया जा सकता है। भविष्य में पेपरलेस विधानसभा संचालित हो सके, इसके लिए जरूरी व्यवस्थाओं और तकनीकों का समावेश किया गया है।

## कलेक्टर ने एयर-शो एवं राज्योत्सव स्थल पर चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण



राज्योत्सव-2025 के अवसर पर होने वाले एयर-शो एवं राज्योत्सव स्थल की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को पहले तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव रवि मित्तल भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

**सारी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने दिए निर्देश**

कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान अधिकारियों को सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता तथा आपातकालीन प्रबंधन की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार राज्योत्सव में आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधा और आकर्षक अनुभव मिले। इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

### एयर शो में विशेष दर्शक दीर्घा की व्यवस्था

राज्योत्सव के दौरान होने वाले एयर-शो के लिए विशेष दर्शक दीर्घा बनाई गई है। कलेक्टर ने इसका निरीक्षण करते हुए यहां फायर एवं मेडिकल टीम के साथ आपातकालीन प्रतिक्रिया दल स्थापित करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा राज्योत्सव स्थल पर वीआईपी एवं मीडिया जोन, पार्किंग स्थल, मुख्य मंच, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बैकस्टेज व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का मैदान निरीक्षण कर निर्माण कार्य, सजावट, प्रकाश व्यवस्था और मंच की रूपरेखा का जायजा लिया। इस अवसर पर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## भूपेश पर लगाए गंभीर

# फेसबुक पोस्ट पर बवाल, भाजपा विधायक ने थाने में की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फेसबुक पोस्ट लेकर भाजपा-कांग्रेस के बीच एक नया विवाद छिड़ गया है। 'भूपेश है तो भरोसा है' नाम के फेसबुक पेज से एक पोस्ट किया गया, जिसके बाद भाजपाइयों ने पोस्ट को विवादित बताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने विशेष जाति को टारगेट कर निम्न स्तरीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। ये पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। थाने में भाजपा विधायक मोतीलाल साहू द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अपने जातीय समर्थकों के साथ प्रदेश में बड़े पैमाने पर जाति आधारित विभेद पैदा कर अशांति फैलाना चाहते हैं। हम सबने देखा है कि कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने साहू बनाम बघेल का विषय बनाने की लगातार कोशिश की थी। अब प्रदेश में बुरी तरह पराजित होने के बाद वे पुनः ऐसे ही षड्यंत्र में लग गए हैं। फेसबुक पेज भूपेश है तो भरोसा है में 'कहां राजा भोज कहां गंगू तेली' पोस्ट कर सीधे तौर पर तेली समाज को गाली दी गयी है।

### मोतीलाल साहू ने भूपेश बघेल पर लगाए कई आरोप

वहीं भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भूपेश बघेल सत्ता के लिए शांत वातावरण को अशांत कर रहे हैं। जातिगत विभेद पैदा करने की कोशिश की जा रही है। एक समाज को दूसरे से लड़ाने की साजिश कर रहे हैं। 'भूपेश है तो भरोसा है' पेज से आपत्तिजनक टिप्पणी हुई। तेली समाज को गाली देने का काम किया जा रहा है। आदिवासी सीएम विष्णुदेव साय के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। जनता ऐसी बातें बर्दाश्त नहीं करती, सख्त कार्रवाई होना चाहिए। भूपेश बघेल से भी पूछताछ होना चाहिए, जो संरक्षण दे रहे हैं।

### राज्य का सौहार्द्र बिगाड़ने का अधिकार किसी को नहीं- साव

वहीं कांग्रेस समर्थक के विवादित जातिसूचक पोस्ट पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने थाने में शिकायत की है। राज्य का सौहार्द्र बिगाड़ने का अधिकार किसी को नहीं है।

# बैज बोले- मोदी के दौरे पर करोड़ों फूंक रही सरकार, गरीबों का नहीं करा पा रही इलाज

## भाजपा ने किया पलटवार, बैज के किसी भी सवाल का कोई औचित्य नहीं बनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर फाइव स्टार सुविधाएं जुटाने के लिए तामझाम में करोड़ों रुपए फूंक रही साय सरकार। राज्य के गरीबों को सरकार अस्पताल में इलाज और मुफ्त जांच तक नहीं करवा पा रही है। मुफ्त जांच की जो सुविधाएं पूर्ववर्ती सरकार ने सरकारी अस्पतालों में शुरू की थी, साय सरकार ने बंद कर दी है।

उन्होंने कहा, गरीबों के इलाज का प्रदेश का सबसे बड़ा सहारा मेडिकल कालेज हॉस्पिटल रायपुर है, लेकिन सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण मेकाहारा में पिछले कुछ दिनों से मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा। मेकाहारा में एमआरआई और सीटी स्कैन जांच के लिए मरीजों से वसूली जा रही मोटी फीस, प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आंबेडकर में आयुष्मान कार्ड से जांच नहीं हो रही। स्कैन के लिए ग़रीब मरीजों से लिए जा रहे ढाई से पांच हज़ार रुपए। मेकाहारा में जांच के लिए निजी लैब से ज्यादा फीस ली जा रही। आयुष्मान कार्ड से जांच के लिए मरीज का भर्ती होना जरूरी है। ओपीडी में जो मरीज आ रहे उनकी जांच बंद कर दी और प्राइवेट अस्पताल भेज रहे।

### अस्पतालों में दवाई नहीं

उन्होंने कहा, प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में महीनेभर से दवाइयां नहीं हैं, इंजेक्शन नहीं है, प्राथमिक और जीवन रक्षक दवाइयां तक अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है। टिटनेस, दर्द निवारक, एंटी रैबीज जैसे इंजेक्शन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, हमर अस्पतालों में उपलब्ध नहीं है। प्रदेश के हालात का जायजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजधानी रायपुर में 16 अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर है, किसी में भी दवाइयां, इंजेक्शन नहीं उपलब्ध है। यह हालात बताते हैं कि सरकार की प्राथमिकता में लोगों का स्वास्थ्य है ही नहीं। सरकार उत्सव मनाने में व्यस्त है।

### प्रियंका के लिए गुलाब की पंखुड़ियों की सड़क बनाकर चरण वंदन की गई थी : रंजना

इधर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि पीसीसी के प्रमुख दीपक बैज को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव को लेकर ऐसा कुछ भी नहीं कहना



चाहिए, जिससे यहां की जन भावनाओं का अपमान हो। यह उत्सव लोक उत्सव है और जनता का जुड़ाव इससे जुड़ा हुआ है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने हमें अपने सपनों का एक अलग भौगोलिक प्रदेश दिया। 25 वर्ष की गरिमामयी यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हम सबके लिए गौरव एवं सम्मान का विषय है। ऐसे में दीपक बैज के किसी भी सवाल का कोई औचित्य नहीं बनता। यह प्रदेश भूला भी नहीं है कि गांधी परिवार के एक सदस्य जब रायपुर आई थी, तब उनके स्वागत में जो गुलाब की पंखुड़ियों की सड़क बनाकर चरण वंदना की गई थी, वह किसी से छिपा नहीं है।

# सरकारी दफ्तरों में आज लौटेगी रौनक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के सभी शासकीय दफ्तरों में मंगलवार से रौनक लौटेगी। तीन दिन की छुट्टियां मनाने के बाद सभी विभागों में कर्मचारियों के पहुंचने की संभावना है। कई कर्मचारी तो 10 दिनों के बाद दफ्तर पहुंचेंगे। ये कर्मचारी दीपावली के पहले से छुट्टियां मना रहे हैं। कर्मचारियों के ड्यूटी पर आने से दफ्तरों में रौनक तो लौटेगी पर कामकाज सामान्य दिनों की तरह होने की संभावना कम रहेगी, क्योंकि ज्यादातर विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारी इन दिनों राज्योत्सव के आयोजन की तैयारियों में व्यस्त हैं, जिसका असर दफ्तरों के कामकाज पर दिखाई दे सकता है।

**राज्योत्सव की तैयारियों में अधिकारी-कर्मचारी व्यस्त**

दीपावली में लक्ष्मी पूजा के दो दिन पहले से लेकर लगातार चार दिन तक छुट्टियां मनाने के बाद शनिवार से लेकर सोमवार तक तीन दिन फिर छुट्टियां रहने के कारण सरकारी दफ्तर बंद रहे। हालांकि इन छुट्टियों के दौरान भी कई अफसर राज्योत्सव की तैयारियों में जुटे रहे। सोमवार को छठ पर्व की छुट्टी होने के बावजूद कलेक्टर से लेकर कई प्रशासनिक अधिकारी राज्योत्सव की तैयारियों की व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंगलवार से सभी दफ्तर खुलने के बाद भी अधिकारी राज्योत्सव की तैयारियों में ही व्यस्त रहेंगे। ऐसे में विभागों के कामकाज पर असर पड़ने की संभावना ज्यादा है।

**बढ़ाई जा सकती है कि पेशी की तारीख :** लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार से सभी सरकारी दफ्तर खुलेंगे, लेकिन अधिकारियों की व्यवस्ता के कारण राजस्व, नजूल, रेंट कंट्रोल से संबंधी कई प्रकरणों में पेशी की तारीख फिर बढ़ाई जा सकती है। लगभग सभी प्रकरणों में पेशी की तारीख अब राज्योत्सव के समापन के बाद ही दिए जाने की संभावना है।


## तेरहवीं (त्रयोदशी) विधि



स्व. श्री भवानी शंकर शर्मा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी
श्री भवानी शंकर शर्मा (रिटायर्ड फूड ऑफिसर) का स्वर्गवास बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 को हो गया है।
जिनकी तेरहवीं (त्रयोदशी) का कार्यक्रम इस प्रकार है-

तेरहवीं (त्रयोदशी) दिनांक - 28 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे
स्थान- पंजाब केसरी भवन, प्रतिष्ठा मैरिज हॉल के पास, जोरा, रायपुर

-: शोकाकुल परिवार :-

उचित-वंदना शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु) | अभिलाषा - अनीश (पुत्री-दामाद)
प्रशांत-नीतू शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु) | रचना - संतोष (पुत्री-दामाद)
विक्रांत-नीलम शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु) | प्रगति - सुजीव (पुत्री-दामाद)

जाह्नवी (पौत्री) प्रथम, सोहम, अथर्व (पौत्र)
एवं समस्त शर्मा परिवार... मो.: 9826642040, 9826130597, 7489978910

विनीत : राजधानी-ई-रिक्शा एण्ड मोटर्स, पहल सामाजिक संस्था


## एंडोक्रिनोलॉजी, रूमेटोलॉजी विभाग शुरू करने की तैयारी

# थायरॉयड ग्रंथि और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों का डीके अस्पताल में होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदलते लाइफ स्टाइल के दौरान थायरॉयड और मांसपेशियों तथा हड्डियों के जोड़ों से जुड़ी परेशानी का इलाज आने आने वाले दिनों में सरकारी अस्पताल में भी संभव होगा। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में एंडोक्रिनोलॉजी और रूमेटोलॉजी विभाग खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, जिसके अनुमोदन के बाद जरूरी संसाधन जुटाने का काम शुरू होगा। पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने डीके अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उनके द्वारा आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपचार व्यवस्था को बढ़ाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा यहां दो नए विभाग शुरू करने की योजना बनाकर सहमति के लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें एंडोक्रिनोलॉजी और रूमेटोलॉजी शामिल है। इनसे संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल में जरूरी संसाधन मौजूद है। केवल चिकित्सकों की व्यवस्था करने के बाद मरीजों को दोनों विभाग से संबंधित बीमारियों के उपचार की सुविधा दी जा सकती है। वर्तमान में राज्य के किसी भी शासकीय मेडिकल कालेज अथवा अस्पताल में इससे संबंधित बीमारी का इलाज नहीं होता। मरीजों को समस्या होने पर निजी अस्पताल अथवा दूसरे राज्यों में जाकर अपना उपचार करना पड़ता है। डीके अस्पताल में दोनों विभाग खुलने के बाद मरीजों को निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### शासन स्तर पर भेजा गया प्रस्ताव, अनुमोदन का इंतजार



### एंडोक्रिनोलॉजी से संबंधित बीमारी

एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के डाक्टर थायरॉयड ग्रंथि से संबंधित विकार, मोटापा, बांझपन, कोलेस्ट्रॉल के स्तर से संबंधित समस्याएं, पिट्यूटरी और अधिवृक्क ग्रंथियों के विकार से संबंधित समस्याओं का इलाज करते है। थायरॉयड से संबंधित समस्या अब काफी बढ़ चुकी है। इसकी वजह अन्य शारीरिक परेशानियों के साथ थायरॉयड के कम अथवा ज्यादा होने का दुष्प्रभाव भी लोगों में नजर आने लगता है।

### रूमेटोलॉजी में मिलेगी उपचार की सुविधा

इस विभाग में हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों और संयोजी ऊतकों (जैसे टेंडन और लिगामेंट) को प्रभावित करने वाली कई जटिल बीमारियों का उपचार किया जाता है। उम्र अधिक होने के बाद शरीर के जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्या बढ़ जाती है। इस तरह की बीमारियों का इलाज यहां संभव होगा।

## खबर संक्षेप



### महापौर मीनल पहुंचीं महादेवघाट, छठ महापर्व की व्रतियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर। महापौर मीनल चौबे सोमवार को छठ महापर्व की पूजा के अवसर पर महादेवघाट पहुंचीं। इस मौके पर वहां मौजूद व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही रायपुर को स्वच्छ, सुन्दर, सुव्यवस्थित राजधानी के रूप में विकसित करने छठी मईया से आशीर्वाद मांगा। महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों से छठ पर्व की पूजा के अवसर पर रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छ रैंकिंग में देश का नंबर 1 स्वच्छ शहर बनाने अपील की। इसके पूर्व छठ महापर्व पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने महादेवघाट में छठ महापूजा पर्व में पहुंचने पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और महापौर मीनल चौबे का गजमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

## निधन

### राजकुमार सूद



रायपुर। आनंद नगर निवासी राजकुमार सूद (73) का 27 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को शाम 3.30 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कमलेश सूद के पति, पंकज, पल्लवी व पूजा के पिता थे।

### सम्पत कुमार मिश्रा



रायपुर। सरस्वती नगर कोटा निवासी विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के पूर्व प्राध्यापक सम्पत कुमार मिश्रा (बसनी वाले) का 27 अक्टूबर को बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बसनी जिला बेमेतरा में किया गया। वे अधिवक्ता अमिताभ मिश्रा, इंजी. अजिताभ मिश्रा अनिमेष, नमिता, यामिनी, कामिनी के पिता थे।

### रमाकांत शुक्ला



रायपुर। संतोषी नगर निवासी, सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद रमाकांत शुक्ला (91) का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 28 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजकुमार व देवेश के पिता थे।

# अवैध भंडारण की जांच रिपोर्ट में ऐसे प्रकरण गायब, जिनमें 50 हजार से एक लाख रुपए तक होनी थी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के खनिज विभाग में अवैध रेत भंडारण के प्रकरणों में लाखों रुपयों की हेराफेरी में ऐसे कई प्रकरण हैं, जिनमें 10 घन मीटर से लेकर 300 घन मीटर तक रेत के अवैध भंडारण के मामले जांच में सामने आए थे। विभाग ने इन मामलों की एक सूची बनाई थी, जिसमें अवैध भंडारण की मात्रा के अनुसार किस व्यक्ति से कितनी राशि अर्थदंड सहित वसूल किया जाना है, उल्लेख था। इस सूची के अनुसार अवैध भंडारण करने वालों से न्यूनतम राशि 27 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक वसूल किया जाना था, लेकिन दूसरी ओर विभाग के ही कुछ अफसर एवं निरीक्षकों ने ऐसे प्रकरणों को ही जांच रिपोर्ट से गायब कर दिए हैं, जिनमें बड़ी रकम 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक वसूल की जानी थी।

## अवैध रेत भंडारण की जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी

### अफसर के ट्रांसफर के बाद सूची ही बदल दी गई

हरिभूमि फॉलोअप

विभाग के उप संचालक का बिलासपुर ट्रांसफर होने के बाद जिले में अब उप संचालक की जिम्मेदारी प्राची अवस्थी को सौंपी गई है। उनके द्वारा यहां का प्रभार संभालने के कुछ महीने के भीतर ही अचानक पुरानी जांच रिपोर्ट को ही बदल दिया गया है। यह रिपोर्ट किसने बदली और कब बदली, पुरानी रिपोर्ट किसने बनाई थी तथा नई रिपोर्ट में कुल कितनी मात्रा में रेत गायब कर दी गई है तथा अवैध भंडारण जिन्होंने किया था, उनके नाम आखिर सूची से क्यों हटा दिए गए। ये सारे सवालों का जवाब तभी मिल पाएगा, जब इस मामले की उच्च स्तर पर जांच होगी।


50 लाख से अधिक अर्थदंड, वसूले 34 लाख
खनिज विभाग में लाखों की गड़बड़ी, जांच में 100 से अधिक प्रकरण, रिपोर्ट में 56 का उल्लेख

### कलेक्टर से जांच की मांग करूंगा

यह बड़ा मामला है। इस मामले को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर जांच की मांग करूंगा। जरूरत पड़ने पर जिला पंचायत की सामान्य सभा में भी इस मामले में अफसरों से जवाब मांगा जाएगा।

*- संदीप यदु, उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर*

### 50 से अधिक प्रकरण गायब

खनिज विभाग की टीम की पुरानी जांच रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार जिलेभर में 100 से अधिक अवैध रेत भंडारण के प्रकरण बनाए गए थे। ये प्रकरण विभाग के तत्कालीन उप संचालक केके गोलघाटे के कार्यकाल में बनाए गए थे। इन प्रकरणों की एक सूची भी बनाई गई थी, जिसमें आरंग, कुरुद सहित अन्य ग्रामों में अवैध भंडारण करने वालों के नाम, कितनी मात्रा में उनके द्वारा रेत का अवैध का भंडारण किया गया था तथा उनके विरुद्ध कितना अर्थदंड सहित राशि वसूली जाना है इसकी पूरी जानकारी है। वहीं दूसरी ओर विभाग की नई रिपोर्ट में पिछले 8 माह में अवैध रेत भंडारण में मात्र 56 प्रकरण दर्ज होने की जानकारी है। इस रिपोर्ट में इन प्रकरणों में अर्थदंड सहित 34 लाख रुपए वसूली करने का जिक्र है।

# माता कौशल्या धाम में लाखों की गुमटियां हो रहीं कबाड़, 4 साल में नहीं कर पाए आवंटन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के शासन काल में राजधानी रायपुर के चंदखुरी स्थित कौशल्या मंदिर धाम का जीर्णोद्धार करते हुए इस धाम के बाहर झोपड़ीनुमा अस्थाई दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए पर्यटन विभाग ने योजना के तहत आकर्षक चलित 10 गुमटियां बनवाई थीं। इन गुमटियों का रियायत मासिक किराये पर व्यापारियों को आवंटन किया जाना था, लेकिन इन दुकानों को मंदिर के बाहरी परिसर में रखे चार साल बीत गए हैं, अब तक इन गुमटियों को आवंटित नहीं किया गया है, जिसके कारण खाली पड़ी गुमटियां अब कबाड़ में तब्दील होने लगी हैं।

- स्थानीय व्यापारियों के लिए 10 आकर्षक चलित गुमटियां

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में शासन ने राम वनगमन पथ योजना के तहत चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे अलौकिक धाम का स्वरूप दिया। तालाब के बीच स्थित इस धाम को काफी खूबसूरत ढंग से बनाया गया है, जिसमें गॉर्डन से लेकर लोगों के बैठने के लिए जगह-जगह पत्थरों की बेंच, पेयजल आदि सभी की व्यवस्था है। अलौकिक धाम में परिवर्तित होने के बाद मंदिर में माता कौशल्या के दर्शन करने और धाम को देखने के लिए श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भीड़ में भारी इजाफा भी हुआ है। खासकर त्योहारों तथा छुट्टियों के दिन इस मंदिर में भक्तों के साथ सैलानियों की भी भारी भीड़ पहुंचती है।

### स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर बढ़ाने 10 आकर्षक गुमटियां बनवाई गईं

कौशल्या मंदिर के धाम में बदलने के बाद धाम के बाहरी परिसर में गांव के स्थानीय लोग झोपड़ीनुमा छोटी-छोटी दुकान बनाकर यहां पूजा सामग्री से लेकर सजावट के अन्य सामान, मिठाई, कोलड्रिंग, पानी आदि की दुकानें भी लगाने लगे थे। इसे देखते हुए पर्यटन विभाग ने एक योजना के तहत गांव के स्थानीय लोगों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 10 आकर्षक गुमटियां बनाई गईं। इन गुमटियों को मासिक न्यूनतम किराए पर स्थानीय लोगों को आवंटित किया जाना था।

### 20 लाख से अधिक कीमत की गुमटियां हो रहीं कबाड़

स्थानीय लोगों को आवंटन के लिए बनाई गई गुमटियां काफी आकर्षक हैं। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक गुमटी के निर्माण में दो से ढाई लाख रुपए खर्च हुआ है। इस तरह 10 गुमटियों की कुल कीमत लगभग 20 लाख या उससे अधिक है। इस तरह लाखों खर्च कर बनवाई गई ये गुमटियां पिछले लगभग चार साल से खाली पड़ी हुई हैं।

### स्थानीय लोगों ने कहा-खाली रखने से अच्छा आवंटन कर देते

धाम के बाहर परिसर में दुकान लगाने वाले लोगों में मन्नू साहू सहित अन्य लोगों का कहना है कि चार साल से दुकानें खाली पड़ी हुई हैं। अगर आवंटन कर देते तो कम से कम दुकानों का मेंटनेंस एवं किराया या एकमुश्त राशि समिति को मिलती।

### आवंटन के लिए मंदिर समिति को दी गई थी जिम्मेदारी

इन गुमटियों का आवंटन करने के लिए मंदिर की समिति को जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन समिति के पदाधिकारी इतने साल के बाद भी गुमटियों का आवंटन कर नहीं पाए। हालांकि समिति के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा का कहना है कि दुकान लगाने वालों की संख्या 25 से ज्यादा है। ऐसे में 10 दुकानों के आवंटन करने पर विवाद की स्थिति बन रही है। यही कारण है कि अब तक इन गुमटियों का आवंटन नहीं हुआ है।

# छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने वाला गिरफ्तार, नई प्रतिमा स्थापित

मूर्ति तोड़ने वाला मानसिक रूप से विक्षिप्त, पुलिस ने राम मंदिर के पास से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्योत्सव के ठीक पहले छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने की घटना पर हुए हंगामा के बाद तेलीबांधा थाने की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है। आरोपी को पुलिस ने राम मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। मूर्ति तोड़ने वाला मूल रूप से सारंगढ़, पुसौर का रहने वाला है।

- आरोपी सारंगढ़, पुसौर का रहने वाला

मूर्ति तोड़ने के आरोप में पुलिस ने मनोज कुर्रे नामक युवक को गिरफ्तार किया है। मनोज ने पिछले सप्ताह शुक्रवार को मूर्ति खंडित कर जगह से उखाड़ दी थी। मूर्ति तोड़े जाने की जानकारी



सोशल मीडिया में वायरल होने पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना सहित कई संगठन ने रविवार को वीआईपी चौक के पास सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित कर मूर्ति तोड़ने वाले की पहचान कर रविवार देर रात मनोज को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर मनोज ने पुलिस को बताया कि अचानक उसे गुस्सा आया, तो उसने मूर्ति तोड़ दी। पुलिस को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना के समय मनोज नशे में था, उसे कोई सुध नहीं था। इसीलिए उसने घिनौनी हरकत को अंजाम दिया।

### परिजनों ने बताया- अचानक गुस्सा हो जाता है

मनोज की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क किया। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मनोज का पूर्व में रांची के मानसिक रोग अस्पताल में उपचार कराया गया है। परिजनों के अनुसार गुस्से में मनोज का कई बार घर के साथ बाहर वालों के साथ विवाद हो चुका है। मनोज अचानक गुस्सा हो जाता है, उसका गुस्से पर काबू नहीं है। मनोज कुछ दिन पूर्व घरवालों को बगैर बताए घर से निकल गया था। परिजनों ने मनोज की थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।

## पेज 11 के शेष ...

### शहर की सड़कों में जानलेवा...

सड़क किनारे गड्ढा में लक्ष्मीकांत की एक्टिवा उछली और वह एक्टिवा का बैलेंस नहीं संभाल पाए और वह विपरीत दिशा में गिर गए। लक्ष्मीकांत जैसे ही एक्टिवा से गिरे, सामने से आ रही तेज रफ्तार वेगनआर कार लक्ष्मीकांत के सिर को कुचलते हुए आगे बढ़ी और फिर रुकी। मौके पर उपस्थित लोग लक्ष्मीकांत को उपचार कराने एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### स्पॉ सेंटर संचालक से लूट कांड में...

की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सन्नी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि घटना दिनांक को वह अपने स्पॉ सेंटर में था, इस दौरान रात आठ बजे के करीब 18-20 की संख्या में अज्ञात लड़के स्पॉ सेंटर में जबरन प्रवेश कर गए और उससे प्रोटेक्शन मनी देने की मांग करते हुए दराज से 20 हजार रुपए कैश निकाल लिए। इसके बाद लड़के सन्नी को बंधक बनाकर अपने साथ शैलेंद्र नगर ले जाकर एटीएम से 50 हजार रुपए कैश निकालने के बाद अपने साथ कचना ले गए। कचना के एक पेट्रोल पंप में बदमाश सन्नी के क्रेडिट कार्ड से 50 हजार रुपए डेबिट कराने के बाद उसे वापस स्पॉ सेंटर में छोड़ गए। **बदमाश डीवीआर साथ ले गए :** पुलिस के अनुसार स्पॉ सेंटर में डकैती डालने के बाद बदमाशों ने स्पॉ सेंटर के मैनेजर को बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। मैनेजर ने पुलिस को बताया है कि बदमाशों ने उसकी निर्वस्त्र कर पिटाई की है। पुलिस को किसी तरह से कोई सबूत नहीं मिले, इसलिए वे स्पॉ सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर अपने साथ ले गए। बदमाशों की पहचान करने पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। ***इसलिए प्रोटेक्शन मनी की मांग :*** सूत्रों के मुताबिक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जिस स्पॉ सेंटर संचालक को बदमाशों ने बंधक बनाकर डकैती डाली है, बदमाश स्पॉ सेंटर संचालक पर सेक्स रैकेट संचालित करने का आरोप लगा रहे थे। इस कारण स्पॉ सेंटर संचालक से बदमाश प्रोटेक्शन मनी देने की मांग कर रहे थे। प्रोटेक्शन मनी देने से इनकार करने पर बदमाशों ने सन्नी को बंधक बनाकर डकैती उसके साथ मारपीट की।

### 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल...

इसमें श्रीजी कंपनी ने 6.7 फीसदी अधिक रेट कोड किया है। इस लिहाज से तीन वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण की लागत 48 करोड़ आएगी। दर की स्वीकृति के लिए निगम की 29 अक्टूबर को होने वाली सामान्य सभा में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। दर की स्वीकृति मिलते ही संबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी होगा। महापौर मीनल चौबे ने अपने कार्यकाल के पहले निगम बजट में महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए शहर में 3 वर्किंग वूमन हॉस्टल बनाने 45 करोड़ का प्रावधान किया। योजना के मुताबिक प्रत्येक हॉस्टल में 250 बेड की सुविधा रहेगी। इसमें स्वच्छ और आधुनिक शौचालय, मेस की सुविधा, खेल के लिए जगह, वातानुकूलित शयनकक्ष, अटैच टायलेट की सुविधा शामिल है। यही नहीं, पूरे परिसर की 24 घंटे निगरानी के लिए हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाया जाना शामिल है।

## बिजनेस साइट

### राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए 'रावतपुरा इंस्टिट्यूट' की छात्रा सुनिधि चयनित



रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, कुम्हारी की एनएसएस स्वयंसेविका सुनिधि वर्मा का चयन राष्ट्रीय साहसिक शिविर के लिए हुआ है, जो धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित होगा। सुनिधि छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई की प्रतिभागी के रूप में करेंगी। इस शिविर में पर्वतारोहण, ट्रेकिंग, रिवर क्रॉसिंग जैसी रोमांचक गतिविधियां होंगी, जिनमें देशभर से चयनित एनएसएस स्वयंसेवक भाग लेंगे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रकाश राव ने कहा कि सुनिधि का यह चयन संस्था के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विनीता गोटी ने इसे संस्था की उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे अन्य स्वयंसेवकों में नई ऊर्जा का संचार होगा। श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के सीईओ विशाल गर्ग ने भी सुनिधि वर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रायपुर कान्वेंट में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती और वार्षिक क्रीड़ा उत्सव आज



रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षत्रिय वंश के प्रणेता एवं समस्त पिछड़ी जाति के आराध्यदेव राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का शुभारंभ आज से किया जा रहा है। यह आयोजन रायपुर कान्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जनता कॉलोनी गुढ़ियारी, न्यू राजेंद्र नगर, अमलीडीह रोड, शिवानंद नगर एवं सीबीएसई मान्यता प्राप्त केंट इंटरनेशनल स्कूल, झीट रावतपुरा अमलेश्वर मार्ग में संपन्न होगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 बजे भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना की जाएगी, जिसके पश्चात शक्ति, एकता व विकास की तीन मशालें प्रज्वलित होंगी। विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास हेतु गोला फेंक, कबड्डी, रंगोली, व्यंजन, पुष्पसज्जा, सुलेख व फैन्सी ड्रेस जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### कावड़िया ने किया नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त लोकेश कावड़िया ने सोमवार को अपने नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रवेश किया। उन्होंने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ मंत्रोच्चार तथा पूजा-अर्चना की और अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर पांच दिव्यांगों को लघु व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए ऋण देने की प्रक्रिया की शुरुआत की गई। नए कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर निशक्तजन वित्त विकास निगम के डायरेक्टर प्रदीप टंडन, आरती त्रिवेदी, जानकी गुप्ता, हरेंद्र पटेल उपस्थित थे। उन्होंने श्री कावड़िया को पुष्पगुच्छ भेंटकर सफलतम कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। सभी डायरेक्टर ने श्री कावड़िया के साथ बैठकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की तथा आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया। श्री कावड़िया ने बताया कि जनसुविधा के अनुरूप नए कार्यालय का पता जीई रोड, पुराना आरडीए कार्यालय के प्रथम तल पर रखा गया है।

### छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ना अक्षम्य अपराध

**रायपुर।** वीआईपी रोड चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में तोड़फोड़ को अधिवक्ता एवं श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य मनोज सिंह ठाकुर ने अक्षम्य आपराधिक कृत्य बताते हुए कहा कि प्रदेश के जनमानस की आराध्य छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को जिस निर्मम तरीके से तोड़ा गया है, वह न केवल छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा के प्रति अपमान है, बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक अपराध भी है। इस घटना की निंदा करते हुए उन्होंने मूर्ति तोड़ने वालों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है।श्री ठाकुर ने कहा, यह घटना हमारे छत्तीसगढ़ महतारी की अस्मिता पर हमला है। यह हमारे सांस्कृतिक धरोहर का उल्लंघन है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से मांग की है कि चौक पर शीघ्र एक भव्य छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की जाए।

### स्कूटी से शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग ने स्कूटी से शराब परिवहन कर ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसे रिंग रोड नंबर-1 रायपुरा के पास पकड़ा। उसकी वाहन से जम्मू स्पेशल ब्रांड की 70 पाव शराब बरामद किया है। इस प्रकरण में आरोपी तौफिक शेख के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया है। इस कार्रवाई में जेबा खान सहायक जिला आबकारी अधिका, रविशंकर पैकरा सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं रविन्द्र देवांगन आबकारी आरक्षक मौजूद रहे।

### माहेश्वरी भवन में दीपावली मिलन



**रायपुर।** माहेश्वरी सभा रायपुर ने डूंडा स्थित माहेश्वरी भवन मे दीपावली मिलन और अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर ठाकुर जी को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया।भगवान को द्वारिकाधीश के रूप मे सजाया गया। इस मौके भजन कीर्तन का आनंद श्रद्धालुओं ने उठाया। इसके बाद ठाकुर जी की महाआरती की गई। माहेश्वरी फ्रेंड्स सर्किल का आयोजन मे विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय महासभा से नारायण राठी,प्रदेश सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंदड़ा ,अर्थमंत्री मनोज राठी ,माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राजेश तापड़िया,सचिव आलोक बागड़ी ,माहेश्वरी महिला समिति,माहेश्वरी युवा मंडल,माहेश्वरी युवा मंडल महिला समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी विष्णु सारडा ने दी।

# पुरानी पुस्तकें स्कूलों को देंगे छात्र, नई किताब मिलने तक इससे अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब बुक बैंक बनाए जाएंगे। यह बुक बैंक छात्रों की मदद से ही तैयार होगा। जो छात्र परीक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश करेंगे, उनसे उनकी पिछली कक्षा की किताबें एकत्र की जाएंगी। इन किताबों की मदद से ही बुक बैंक तैयार होगा। प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में ये बुक बैंक बनेंगे।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही इस बुक बैंक का निर्माण शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी कर दिया है। छात्रों को भी इसके लिए जागरुक किया जाएगा ताकि सत्र समाप्त होते ही वे अपनी पुस्तकें बुक बैंक के लिए स्कूलों को प्रदान करें।

छात्रों से मिली किताबों को कक्षावार पृथक करके रखा जाएगा। इसके लिए पृथक अलमारी की व्यवस्था की जाएगी। बुक बैंक की स्थापना फिलहाल कक्षा पहली से लेकर कक्षा दसवीं तक के लिए लागू होगी। शालाओं में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक बच्चों को छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक और एनसीईआरटी पाठयक्रम की पुस्तकें निःशुल्क रूप से बांटी जाती है। जबकि 11वीं-12वीं के छात्रों को किताबें बाजार से खरीदनी होती है।

### होगी छंटाई

*छात्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी किताबों को बुक बैंक में नहीं रखा जाएगा। कटी-फटी किताबों को अलग कर, जो किताबें दोबारा इस्तेमाल लायक होंगी, उन्हें स्कूलों में ही सुरक्षित रखा जाएगा। छोटी कक्षा के छात्र किताबों का इस्तेमाल अधिक सावधानी से नहीं करते हैं। कई पुस्तकें फट जाती हैं। ऐसे में जो किताबें पढ़ने की स्थिति में होंगी, उन्हें ही बुक बैंक में रखा जाएगा। स्कूल में बुक बैंक स्थापित करने की जिम्मेदारी प्राचार्य अथवा प्रधान पाठक की होगी।*



- छग स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा प्रयोग ताकि बाधित ना हो पढ़ाई , बनाएंगे 'बुक बैंक'
- पापुनि की किताबें विलंब से मिलने पर कर सकेंगे अध्ययन के लिए इस्तेमाल

### इसलिए व्यवस्था

पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छात्रों को निशुल्क किताबों का वितरण प्रत्येक वर्ष किया जाता है। किताब वितरण में विलंब के कारण छात्रों को कई बार नवीन सत्र शुरु होने के एक-दो महीने बाद ही पुस्तकें मिल पाती हैं। इसके चलते छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होती है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी विद्यार्थियों को दो से तीन माह विलंब के बाद पुस्तकें मिल सकी हैं। सत्र के प्रथम दिवस से विद्यार्थियों को पुस्तकें प्रदान कर पाना संभव नहीं होता है। ऐसे में बुक बैंक की किताबों की मदद से प्रथम दिवस से अध्ययन-अध्यापन संबंधित गतिविधियां शुरू की जा सकेंगी।

## पानी की समस्या और सफाई पर सबसे ज्यादा सवाल

# निगम की सामान्य सभा कल, 14 एजेंडों पर होगा मंथन, सफाई में इंदौर मॉडल लाने पर निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में प्रातः 11 बजे आयोजित है। इसमें 14 एजेंडों पर सदन में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। वहीं शहर की सफाई व्यवस्था में इंदौर मॉडल लाने पर निर्णय लिया जाएगा। एजेंडे पर चर्चा से पहले एक घंटे का प्रश्नकाल होगा, इसके लिए 17 पार्षदों ने इस बार जनहित से जुड़े मुद्दों पर सवाल लगाए हैं। इसमें कांग्रेस के 5 पार्षद सहित भाजपा के दर्जन भर पार्षद अपनी ही परिषद से प्रश्नों का जवाब मांगेंगे। प्रश्नकाल में पेयजल की समस्या और सफाई मामले में अधिक सवाल लगाए गए हैं।

महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की दूसरी सामान्य सभा में 14 एजेंडे सदन में चर्चा के लिए लाए जा रहे हैं। इन एजेंडों में पचपेड़ी नाका से बूढ़ापारा के सीएसईबी चौक तक सड़क चौड़ाई बढ़ाते हुए इसे गौरवपथ 2 की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव शामिल किया गया है। इसके साथ ही सफाई में कचरा कलेक्शन वाली गाड़ियों में इंदौर की तर्ज पर मानिटरिंग सिस्टम लागू करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। साथ ही 18 प्रमुख रोड जंक्शन के विकास कार्य, महादेवघाट जीर्णोद्धार कार्य, तेलीबांधा चौक के पास बहुमंजिला टेक्निकल टॉवर- को वर्किंग स्पेस एंड आईटी टावर का एजेंडा शामिल है।



**1 घंटे का रहेगा प्रश्नकाल**

**कांग्रेस के 5 पार्षद सहित भाजपा के दर्जनभर पार्षद अपनी परिषद से मांगेंगे जवाब**

### नामांतरण, आवेदन शुल्क पर भी चर्चा

इसके अलावा रायपुर नगर निगम के नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए खम्हारडीह में 2500 किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी निर्माण और इंटरकनेक्शन का प्रस्ताव पर चर्चा होगी। कामकाजी महिलाओं के लिए 3 वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण, टाउन हॉल में कार्यक्रम की बुकिंग व्यवस्था के लिए दर निर्धारण संबंधी एजेंडा शामिल है। इसके अलावा अन्य प्रमुख एजेंडों में निगम सीमा क्षेत्र में नामांतरण और आवेदन शुल्क का निर्धारण, नेताजी सुभाष स्टेडियम की 6 और मंगलम परिसर 1 दुकान को 30 साल के लिए लीज पर देने का निर्णय परिषद ले सकती है। शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई संबंधी कार्य को 2 साल बढ़ाने पर चर्चा होगी।

### प्रश्नकाल में भाजपा के इन पार्षदों ने लगाए सवाल

*साधना-प्रमोद साहू पार्षद, काली माता वार्ड*

**प्रश्न 1** - नगर निगम मुख्यालय से सफाई कार्य के लिए कुल कितने कर्मचारी प्लेसमेंट पर रखे गए हैं, ठेकेदार का नाम क्या है? सभी कर्मचारी के आधार कार्ड की प्रति प्रदान करें?

**प्रश्न 2** - वर्तमान में नगर निगम द्वारा वाणिज्यिक भवन निर्माण की अनुमति के लिए क्या मास्टर प्लान में प्रस्तावित मार्ग की चौड़ाई के अनुसार अनुमति दी जाती है, यदि हां तो क्या इसका पालन हो रहा है?

*अजय साहू पार्षद, ब्राम्हणपारा वार्ड*

**प्रश्न 1** लाखेनगर पानी टंकी से सारथी चौक तक पानी के पाइप लाइन कार्य का विस्तार कब होगा?

**प्रश्न -2** तात्यापारा से हनुमानमंदिर चौक तक नाली निर्माण कार्य में विलंब का कारण क्या है, कब तक काम पूरा होगा?

*पुष्पा-रोहित साहू पार्षद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड*

खम्हारडीह में नई पानी टंकी का निर्माण प्रोसेस कहां तक पहुंचा है, दस्तावेज दिखाएं?

*ममता-सोनू तिवारी,पार्षद भक्त कर्मा माता वार्ड*

**प्रश्न-** पीएससिटी, साकेत विहार, महादेवनगर, करण नगर में पेयजल संकट समाधान के लिए जोन कार्यालय से इस्टीमेट बनाकर फाइल निगम मुख्यालय भेजी गई फाइल कब तक स्वीकृत होगी, देरी के लिए कौन जिम्मेदार है, स्वीकृति कब तक आएगी?

**प्रश्न 2** - शीतला तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है, कब तक काम शुरू होगा? काम में देरी का कारण स्पष्ट करें?

*अंजली गोलछा जैन पार्षद, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड*

**प्रश्न -1** वार्ड में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत कितने घरों में योजना का लाभ मिला है?

**प्रश्न -2** सुमित नगर ,अमितनगर ईश्वर नगर नहर रोड में वर्षों पुरानी लाइन बिछी है जो सड़ गई है नई पाइप लाइन कब तक डाली जाएगी?

*भगतराम हरवंश पार्षद, जवाहरलाल नेहरू वार्ड*

**प्रश्न 1**- कबीर नगर वाल्मिकी आवास मुक्तिधाम की दशा कब तक सुधरेगी?

**प्रश्न 2** - वार्ड में अटल आवास और वाल्मिकी आवास के 28 ब्लाक बेहद जर्जर हालत में है इसके तत्काल सुधार की क्या योजना है, अन्य विकल्प क्या है?

*गज्जू साहू , जोन अध्यक्ष एवं पार्षद वीर शिवाजी वार्ड*

**प्रश्न**- शहर में तालाबों के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना क्या है, जानकारी दें?

प्रश्न - तालाबों में मछली पालन किन नियम और शर्तों के आधार पर दिया जाता है जानकारी उपलब्ध कराएं?

## आ रहा चक्रवाती तूफान मोंथा

# बुधवार को 50 किमी. प्रतिघंटा हो सकती है हवा की रफ्तार



- बस्तर के कुछ क्षेत्रों में आज अतिभारी वर्षा के आसार
- मध्य इलाके में 29 अक्टूबर को बदल सकता है मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अति प्रबल होने वाले चक्रवाती तूफान मोंथा के असर से मंगलवार को बस्तर के कुछ इलाकों में भारी से अतिभारी बारिश की संभावना है। इसका असर बुधवार को रायपुर समेत मध्य इलाके में 50 किमी की तेज गति वाली हवा और बादल के रूप में रह सकता है। तूफान के जाने और बादल छंटने के बाद ठंड की वापसी हो सकती है।

आने वाले तूफान के असर से छत्तीसगढ़ का मौसम बदलने की संभावना बन गई है। खासकर बस्तर के कुछ इलाकों में मंगलवार को इसके प्रभाव से भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान वहां 60 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलती है। चक्रवात के आगे बढ़ने पर प्रभाव 29 अक्टूबर को मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ हो सकता है। इसके असर से यहां भी हवा अपनी गति बढ़ा सकती है। इधर पिछले चौबीस घंटे में राज्य में बारिश की गतिविधि कम रही है। शहर में दिन में बादल छंटने की वजह से तेज धूप ने अपना असर दिखाया। रायपुर का पारा 32.5 डिग्री सेल्सियस था जो राज्य में सबसे अधिक था। रवि-सोमवार की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस चक्रवात के आगे बढ़कर कमजोर होने के बाद नवंबर की शुरुआत से राज्य में ठंड का प्रभाव बढ़ सकता है।

# तीन माह पूर्व की मारपीट का बदला लेने युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार
- तेलीबांधा थाना क्षेत्र की घटना

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व मारपीट का बदला लेने एक नाबालिग सहित पांच बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

घटना के बाद पुलिस ने सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना केनाल रोड श्याम नगर जाने वाले मार्ग के पास की है। पीड़ित एक होटल के पास दोस्तों के साथ बैठा था, इस दौरान बदमाश मौके पर पहुंचे और पीड़ित पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौके से फरार हो गए। गोपाल निर्मलकर की शिकायत पर पुलिस ने जय नेताम (20), वैभव यादव उर्फ वंशु (21), ओमप्रकाश नेताम (20), राहुल यादव (20) तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तीन चाकू तथा एक कार जब्त की है। गोपाल ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को शाम करीब 5 बजे वह कपूर होटल के पास अपनी स्कूटी पर बैठा था।

तभी जय, उसका भाई ओमप्रकाश और उनके साथी सफेद रंग की कार में वहां पहुंचे और चाकू से उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार जय के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट का मामला दर्ज है।



### चाकू के साथ सोशल मीडिया में रील सात गिरफ्तार

**रायपुर।** धरसींवा थाने की पुलिस ने चाकू लहराते हुए सोशल मीडिया में रील बनाकर पोस्ट करने के आरोप में सात बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात चाकू जब्त किया है। रील बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उनका सार्वजनिक तौर पर जुलूस निकालकर माफी मंगवाई। सोशल मीडिया में चाकू लहराते हुए रील बनाकर पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने चंद्रशेखर पाल, पीयूष रजक, समीर साहू, अर्जुन कुमार साहू, शुशांक नामदेव उर्फ समर देवांगन, अर्जुन यादव एवं गौरव उर्फ अमन साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दो दिन पूर्व लड़के सामूहिक रूप से अलग-अलग ग्रुप में चाकू लहराते हुए रील वायरल कर लोगों में भय पैदा करने का काम कर रहे थे। शिकायत मिलने पर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# डीईजी फार्मूला वाले कफ सिरप की सप्लाई कई फार्मा कंपनियों ने रोकी, होलसेल तक नहीं पहुंच रही डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से हुई मौत के बाद विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के आधार पर कई फार्मा कंपनियों ने डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) फार्मूला वाले कप सिरप की सप्लाई पर ही रोक लगा दी है। इधर रिटेलर अपने मौजूदा स्टाक को खत्म करने डाक्टरी पर्ची का इंतजार कर रहे हैं। इसकी वजह वे होलसेल दवा बाजार तक कफ सिरप की डिमांड नहीं भेज रहे हैं।

विषैले रसायन वाले कफ सिरप की सप्लाई छत्तीसगढ़ में नहीं होने का दावा किया जा रहा है, मगर इस मामले का डर दवा बाजार में अभी कायम है। मौत का खुलासा होने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) फार्मूला वाले कप सिरप पर सावधानी बरतने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इस विभागीय आदेश के बाद दवा कंपनियों ने जोखिम को देखते हुए इस फार्मूला के कफ सिर की सप्लाई पर रोक लगाई हुई है। साथ ही उनके द्वारा दवा कारोबारियों के पास मौजूदा स्टाक को होल्ड करने कहा है। थोक दवा कारोबार से जुड़े लोकेश साहू ने बताया कि रिटेलर भी काफी कम मात्रा में आर्डर भेज रहे हैं। वे पहले उन स्टॉक को क्लीयर करने में लगे हैं, जो दुकानों में जमा है। दवा व्यापारियों को इस बात की सख्त हिदायत है कि उनके द्वारा कफ सिरप की बिक्री बिना डाक्टरी पर्ची के नहीं की जाए। दूसरी ओर डाक्टर भी कफ सिरप की बिक्री से परहेज करने लगे हैं। उनके द्वारा किसी मरीज को इसकी सलाह तभी दी जा रही है जब इलाज के लिए किसी तरह की दूसरी संभावना नहीं बनती।

### पचास फीसदी गिरावट

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी विग के मुताबिक प्रदेश में इस दुखद घटना के पहले राज्य में कफ सिरप का मासिक कारोबार 24-25 करोड़ का होता था। घटना के बाद इसकी डिमांड घटकर 10 से 12 करोड़ में सिमट गया है। राज्य में दर्जनभर ब्रांडेड कंपनियों के साथ सौ से ज्यादा कंपनियों के कफ सिरप के दवा बाजार में आते है। ठंड के मौसम आने से पहले सर्दी से संबंधित दवा और सर्दी-जुकाम की दवा की डिमांड थोक बाजार में पहुंच जाती थी मगर इस बार ऐसा नहीं हुआ है।



- डर की वजह से साठ फीसदी तक प्रभावित हुआ कफ सिरप का कारोबार
- मौजूदा स्टाक की बिक्री के लिए रिटेलर भी कर रहे डाक्टरी पर्ची का इंतजार

### एफडीए की निगाहें दुकानों पर

*इधर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम दवा दुकानों में नजर रखे हुए है। सहायक नियंत्रक एफडीए बीआर साहू ने बताया कि दवा दुकानों को स्पष्ट निर्देश है कि बिना डाक्टरी पर्ची के कफ सिरप जैसी दवाओं की बिक्री नहीं की जाए। समय-समय पर इसकी जांच भी की जा रही है और लापरवाही मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। दवा दुकानों में ड्रग एक्ट से सारे नियम पूरे कराए जा रहे हैं।*

### बेहद जरूरी होने पर उपयोग

*आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डा. विनय वर्मा के मुताबिक कफ सिरप का उपयोग आमतौर पर नहीं किया जाना चाहिए। खांसी रोकने के बजाए इसके कारणों का इलाज करना आवश्यक है। जरूरी होने पर डाक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर कफ सिरप लिया जाना चाहिए।*

- पहले राउंड का एडमिशन पूरा, दूसरे दौर की तैयारी शुरू

# पहले राउंड में बीएससी की 35 फीसदी सीटों पर हुआ एडमिशन, साईकियाट्रिक नर्सिंग में शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नर्सिंग कालेज में संचालित विभिन्न विषयों में एडमिशन के लिए पहले राउंड की काउंसिलिंग पूरी हो गई है। लोकप्रिय बीएससी की लगभग 75 सौ में केवल 35 फीसदी यानी 2693 सीटों पर एडमिशन हो पाया है। इस दौर में डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग का खाता भी नहीं खुला है, जबकि कालेजों में इसकी केवल 10 सीट है। खाली सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी दूसरे राउंड की तैयारी में लग गई है।

प्रदेश में सबसे अधिक चिकित्सकीय शिक्षण संस्थान नर्सिंग के विषयों के हैं और सबसे ज्यादा 7500 से अधिक सीटें बीएससी की हैं। नर्सिंग के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए नर्सिंग काउंसिल, आयुष विवि, चिकित्सा शिक्षा विभाग और कालेज प्रबंधन की भूमिका होती है। राज्य में शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पहले दौर की काउंसिलिंग रविवार को पूरी की गई है। इस राउंड में एडमिशन के दौरान पंजीयन के आधार पर मेरिट सूची जारी कर बीएससी की 3785 सीटों का आवंटन किया गया था। अंतिम तिथि तक इसमें 2693 लोगों ने प्रवेश लिया है जो कुल सीटों का केवल 35 प्रतिशत है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 50 फीसदी अंक जनरल तथा 40 प्रतिशत अंक आरक्षित वर्ग के लिए निर्धारित है। दूसरी ओर नर्सिंग में सबसे कम केवल 10 सीट पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग की है। इसमें से प्राप्त आवेदन के आधार पर 9 सीटों का आवंटन किया गया था जिसमें एक भी प्रवेश नहीं हुआ। दो विषय एमएससी तथा पोस्ट बेसिक नर्सिंग में 60 फीसदी सीटों को विद्यार्थी मिल गए। काउंसिलिंग कमेटी के अध्यक्ष खेमलाल वर्मा ने बताया कि खाली सीटों में प्रवेश के लिए एडमिशन के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग शीघ्र शुरू की जाएगी।

***30 नवंबर अंतिम दिन :*** *बीएससी की ज्यादा सीटों में ध्यान में रखते हुए और चिकित्सा शिक्षा विभाग की डिमांड पर इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने बीएससी नर्सिंग में प्रवेश की अंतिम तारीख को 30 नवंबर तक बढ़ाया है। शेष विषयों में प्रवेश की अंतिम तिथि अभी 31 अक्टूबर है। बीएससी नर्सिंग के प्रवेश की तारीख बढ़ाने के साथ शर्त रखी गई है कि एक नवंबर से बाद होने वाले प्रवेश को नया बैच माना जाएगा।*



### किस विषयों में कितना एडमिशन

| विषय | शास. | निजी कालेज | कुल प्रवेशित |
|---|---|---|---|
| बीएससी | 286 | 2407 | 2693 |
| एमएससी | 48 | 354 | 402 |
| पोस्ट बेसिक | 6 | 549 | 555 |
| साईकियाट्रिक | 9 | 0 | 0 |

### मॉपअप के बाद नियमों में शिथिलता

*सूत्रों के अनुसार बीएससी नर्सिंग में मॉपअप राउंड तक प्रवेश 40 और 50 फीसदी न्यूनतम अंक के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद अगर सीटें खाली बचती हैं, तो प्रवेश के नियम में शिथिलता बरतने की संभावना है। सीटों की संख्या को देखते हुए निजी नर्सिंग कालेज प्रबंधन द्वारा जीरो परसेंटाइल पर एडमिशन देने की सिफारिश काफी समय से की जा रही है।*






लाइव इवेंट

## सशक्त और ईमानदार राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. प्रभात दीवान के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता सप्ताह का विषय "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी।" रखा गया है। कार्यक्रम डॉ. प्रभात दीवान ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सप्ताह हमें भ्रष्टाचार से दूर रहने और ईमानदारी की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह पारदर्शिता और नैतिकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाए, ताकि हम एक सशक्त और ईमानदार राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकें। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक प्रो. एनवी रमना राव रहे।

### सतर्कता -हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर व्याख्यान

मुख्य अतिथि प्रो. एनवी रमना ने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ना सिर्फ सरकार या संस्थान की नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होना चाहिए, बल्कि किसी भी स्थिति में इसके विरुद्ध चुप नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर पूरे सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें विशेषज्ञ व्याख्यान सत्र, निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## दिल्ली-मुंबई और जयपुर के विंटर फैशन कलेक्शन से यूथ को मिलेगी परफेक्ट स्टाइल





**रायपुर।** सर्दी शुरू होने से पहले शॉपिंग करने की सोच रहे हैं तो यूथ खुद के वार्डरोब में कई तरह के विंटर फैशन का कलेक्शन शामिल कर सकते हैं। अक्टूबर का महीना जा रहा है और नवंबर शुरू होने वाला है, ऐसे में विंटर फैशन को लेकर खासकर यूथ अभी से अवेयर हो गए हैं। वहीं शहर के फैशन हाउस के संचालक भी विंटर फैशन कलेक्शन का ऑर्डर दे चुके हैं। पुरानी बस्ती स्थित एक गर्ल्स एंड बॉयज फैशन हाउस के संचालक शिवम दुबे ने बताया कि मौसम के अनुरूप फैशन कलेक्शन डिमांड में रहता है। ऐसे में सीजन के शुरू होने से महीनेभर पहले ऑर्डर फैशन वियर के थोक सप्लायर्स को देना पड़ता है। इस बार दिल्ली, मुंबई और जयपुर का विंटर फैशन कलेक्शन सिटी यूथ के लिए नवंबर के दूसरे सप्ताह में शॉप में सज जाएगा। लड़कियां लड़कों से ज्यादा फैशन फॉलो करती हैं। गर्ल्स के लिए कई तरह की जैकेट और स्कर्ट यहां उपलब्ध हैं। वहीं बॉयज के लिए कॉर्डुरॉय पैंट, ये पैंट गर्म होते हैं और रेट्रो स्टाइल के लिए अच्छा विकल्प हैं। बैगी या रिलैक्स्ड फिट जींस, 90 के दशक की बैगी फिट स्टाइल फिर से चलन में है, जो एक आरामदायक और ट्रेंडी लुक देती है। मेन्स स्लिम फिट कॉर्डुरॉय जींस पर उपलब्ध स्ट्रेचेबल और स्टाइलिश 5-पॉकेट पैंट। कार्गो पैंट यह एक बहुमुखी विकल्प है, जो यात्रा और आउटडोर एडवेंचर के लिए एक आरामदायक और कैजुअल लुक देती है।

### विंटर पार्टी के लिए स्लॉन्ग कोट और बॉडीकॉन ड्रेस पेयर

लेदर जैकेट और स्कर्ट सर्दियों में ऑफिस से लेकर दोस्तों के साथ गेट-टुगेदर तक, किसी भी स्टाइल की जींस के साथ लेदर जैकेट पहन सकते हैं। इसके अलावा गर्म कपड़े या चमड़े से बनी स्कर्ट भी पहन सकते हैं, जो एक स्टाइलिश लुक देगी। विंटर के लिए लॉन्ग कोट और जैकेट भी काफी ट्रेंड में रहते हैं। ये क्रीम, काले और आइवरी रंग में सबसे अच्छे लगते हैं। इन्हें किसी भी तरह की जींस या ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। लॉन्ग कोट को बॉडीकॉन ड्रेस के साथ पेयर करने से आकर्षण और बढ़ जाता है। ये दोनों ही लुक बहुत अच्छे लगते हैं। गर्म कपड़ों में भी बॉडीकॉन ड्रेस मिल सकती है, जिन्हें किसी पार्टी के लिए स्टाइल कर सकते हैं।

### हुडी विद नैरो जींस से क्लासी लुक

सर्दियों के मौसम में पुरुष और महिलाएं दोनों ही स्वेटर और हुडी पहनते हैं, लेकिन सिंपल स्वेटर के बजाय अलग लुक के लिए फैशन में तरह-तरह के स्टाइलिश स्वेटर शामिल कर सकते हैं। इसमें कई तरह के प्रिंट्स में स्वेटर क्लेक्शन मिल जाएंगे। लूज हुडी किसी भी खास मौके के लिए परफेक्ट है। इसे किसी भी तरह की जींस के साथ पहनकर एक क्लासी लुक पा सकते हैं। इसे लूज स्वेटर और लॉन्ग बूट्स के साथ नैरो जींस के साथ पहन सकते हैं। इसे स्ट्रेट या लूज जींस के साथ पहन रहे हैं तो आप इसे जूतों के साथ भी ट्राई करें।

महादेवघाट, व्यास तालाब, हीरापुर और आमापारा तालाब में सिर पर टोकनी लिए परिवार के साथ पहुंचे उपासकों का मेला

# गीत-संगीत और रंगीन लाइटों से जगमगाते महादेवघाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने छठ व्रतधारियों का उमड़ा सैलाब

*'छठ मईया की आस्था से सजे गीत गाती व्रतधारी महिलाओं का समूह सोमवार शाम 4 बजे से महादेवघाट, व्यास तालाब, हीरापुर समेत अन्य तालाबों में पहुंचा। जहां सिर पर पूजा सामग्री और फलों की टोकरी लिए परिवारजन आगे चल रहे थे, वहीं मंगल गीत गाती महिलाएं पर्व की महत्ता बयां कर रही थीं। पूजा घाट पर गीत-संगीत और रंगीन लाइटों से जगमगाते मंच पर लोकगायकों की टोली भक्ति गीतों की बेजोड़ प्रस्तुति से उत्सव को खास बना रही थी। राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...फेम सिंगर स्वाति मिश्रा ने करीह क्षमा छठी मइया..,जैसे कई गीतों से श्रद्धालुओं के बीच जहां भक्तिमय माहौल दिया, वहीं डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतधारी परिवार के साथ घर लौटे।'*





**रायपुर।** छठ महापर्व की धूम मुख्य आयोजन स्थल महादेवघाट पर रही, जहां शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे उपासकों की वजह से उत्साह का माहौल रहा। यहां एक तरफ अतिथियों के लिए मंच सजाया गया था तो दूसरी तरफ जगमगाते मंच पर शाम 5 बजे शुरू हुई लोककला मंच के कलाकारों की प्रस्तुति ने त्योहार का एहसास कराया। प्रस्तुति की श्रृंखला ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। सुआ गीत, पंथी और करमा की प्रस्तुति के बीच प्रहसन ने लोगों को लोटपोट किया। आयोजन का लुत्फ उठाने हजारों की तादाद में दर्शक मौजूद थे। छठ महापर्व का हिस्सा बनने और आशीष लेने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधायक पुरंदर मिश्र, महापौर मीनल चौबे, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेसी नेता आरपी सिंह प्रमुख रूप से पहुंचे। उन्होंने सभी को छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए इस आयोजन को परंपराओं का संगम बताया। समाज प्रमुखों ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

### स्वाति और सोनाली ने छठ गीतों से बांधा समां

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की अगवाई में चार दिवसीय छठ महापर्व के तीसरे दिन शाम को खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर हजारों उपासकों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। बॉलीवुड सिंगर स्वाति मिश्रा ने राम आएंगे तो अंगना..., भोरे-भोरे जोरे जोरे खजनवा...जैसे छठी मइया के आस्था से ओतप्रोत कई गीतों की प्रस्तुति देते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। प्रयागराज से आई सोनाली एवं तरुण चोपड़ा की टीम ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इस बीच महादेवघाट पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह, सहसचिव राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, रवींद्र सिंह, मुक्तिनाथ पांडे, शशि सिंह, परमानंद सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए।

### पूजा घाट पर आतिशबाजी



भोजपुरी समाज एवं छठ पूजा समिति व्यास तालाब ने इस बार भी सभी छठ व्रतधारियों, सूर्य उपासकों और श्रद्धालुओं के लिए पवित्र स्थल तैयार किया था। जहां शाम 4 बजे से ही व्रतधारियों का आना शुरू हुआ। समिति के रंजय सिंह, विनय दुबे और सुमन सिंह ने सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वॉलंटियर्स तैनात किए थे।

### हीरापुर और रोहिणीपुरम तालाब में पूजा



हीरापुर तालाब में इस साल भी सैकड़ों परिवारों ने छठ मइया की आराधना करते हुए परंपराओं का निर्वहन किया। चंद्रभूषण शर्मा एवं उनकी टीम ने छठ महापर्व को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शाम को भिलाई के कलाकारों ने भजनों और गीतों की प्रस्तुति से उत्सव को भक्तिमय बनाया। साथ ही पूजा घाट की शुद्धता के लिए बेहतर तैयारी की गई है। कुछ इसी तरह का माहौल इस साल रोहिणीपुरम तालाब में भी देखने को मिला। यहां भी आसपास के परिवारों ने व्रत नियम का पालन शाम को तालाब में पूजा-अर्चना करके किया।





### आमापारा तालाब में छठ गीत गाती पहुंचीं महिलाएं



लोक आस्था के महापर्व की धूम आमापारा तालाब में सजाए गए छठ पूजा घाट पर रही। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने व्रतधारी छठ गीत गाती हुई पहुंचीं। रायपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रमेश शर्मा की अगवाई में छठ घाट पर छठ पूजा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए व्रतधारी महिलाएं परिवार के साथ पहुंचीं। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक गीतों और पूजा के चलते आस्थामय माहौल बना। इस अवसर पर भोजपुरी कलाकारों ने भक्ति गीतों से पूजा स्थल को सराबोर किया। पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष टीम तैनात की। मंगलवार को सुबह 6 बजे उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सूरज शर्मा, विनय शर्मा, रोहित विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, शंकर शर्मा, सुनील शर्मा, सन्नी शर्मा, आकाश शर्मा ने व्यवस्था संभाली।

### भक्ति गीतों और उल्लास का माहौल

शहर के बीच नरहरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में छठ महापर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया। विगत 45 वर्षों से निभाई जा रही छठ पूजा की परंपरा को निभाने के लिए सैकड़ों व्रतधारी परिवार के साथ पहुंचे। यह आयोजन पुलिस परिवार के परमवीर सिंह द्वारा किया गया। छठ माई के जयकारों और सूर्य को अर्घ्य देने के साथ वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हुआ। घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुर्सी, कालीन, पेयजल की व्यवस्था की गई। मंगलवार को सुबह की चाय और भंडारे की विशेष व्यवस्था आयोजक द्वारा की जाएगी। इस साल भी घाट पर पूजा के लिए बेहतर सुविधा देने के साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है।



फिल्म पद्मावत के कव्वाली गायक मुजतबा अजीज नाजां से हरिभूमि की खास बातचीत

# बिना गुरु के सीखा संगीत, आत्म-प्रेरणा से खुद को निखारा

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जिंदगी की जद्दोजहद सबकी अपनी है, कोई कामयाबी चाहता है तो कोई दौलत, लेकिन कामयाबी के दौड़ में परिवार को समय देना कम न करें। ये कहना अंतर्राष्ट्रीय गायक मुजतबा अजीज नाजां का। उन्होंने कहा, कम उम्र से ही परिवार की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आ गई, जिसके कारण परिवार के साथ समय बिताने का वक्त कम मिला। अब कुछ परिजनों को खोने के बाद अहसास होता है कि काश कुछ और वक्त गुजारने का मौका मिला होता।

फिल्म पद्मावत के मशहूर गीत 'एक दिल है, एक जान है, दोनों तुझ पे कुर्बान है...' से पहचान पाने वाले मुजतबा अजीज नाजां सोमवार को रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि से खास बातचीत में अपनी अब तक की संगीत यात्रा और यादगार लम्हों को साझा किया। सिंगर मुजतबा ने बताया, कानपुर में 5 हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ में 10 साल की उम्र में पहली बार स्टेज शो किया, जो मेरे जीवन का सपसे यादगार पल रहा। अब तक देश, विदेश में 1500 से ज्यादा गजल और कव्वाली की प्रस्तुति दी है।





### अब तक किसी गुरु से संगीत नहीं सीखा, खुद से सीखा हर सुर

गायक मुजतबा ने कहा कि अब तक मैंने किसी भी गुरु से संगीत या गायन की शिक्षा नहीं ली है, अपनी कमियों पर खुद काम करते हुए, आत्म-प्रेरणा से खुद को निखारा है। बचपन से लेकर अब तक मैंने किसी भी म्यूजिक या सिंगिंग क्लास में प्रशिक्षण नहीं लिया। मैं हमेशा अपनी गलतियों और कमियों को पहचानकर उन्हें सुधारने की कोशिश करता आया हूं। हर परफॉर्मेंस से पहले मैं खुद को और बेहतर बनाने पर जोर देता हूं। शायद यही वजह है कि आज तक किसी गुरु के पास जाकर सीखने की जरूरत महसूस नहीं हुई। मुजतबा ने कहा कि उनके लिए संगीत एक साधना है, इसलिए वे बीते 28 साल से हर दिन अभ्यास करते आ रहे हैं।

### पिता के कव्वाली गायन से शुरू किया सफर

*पिता के जाने के बाद जिंदगी ने जल्द ही मुझे जिम्मेदार बना दिया, लेकिन संगीत ने हमेशा मेरा साथ दिया। सिर्फ 10 साल की उम्र में पहला मंच मिला, तब कानपुर में लगभग पांच हजार दर्शकों के बीच पिता अजीज नाजां की मशहूर कव्वाली चढ़ता सूरज धीरे-धीरे ढलता है ढल जाएगा...कव्वाली से पहली मंचीय प्रस्तुति दी। उस वक्त मेरी पहली कमाई तीन हजार रुपए थी, जहां दर्शक बच्चे की कव्वाली सुनने आया करते थे।*

### विदेशों में भारतीयों का प्यार सबसे गहरा

*मुजतबा अजीज ने कहा कि मेरे गजल और कव्वालियों में भारत की संस्कृति, मिट्टी की महक, सूफियाना रंग और भावनाओं की गहराई एक साथ झलकती है और यही वजह है कि दुबई, इजराइल, अमेरिका और अफ्रीका जैसे देशों में भारतीय ऑडियंस से मुझे और भी ज्यादा प्यार तथा सम्मान मिलता है। मेरी कोशिश रहती है कि मैं हर बार कुछ ऐसा गाऊं, जो लोगों को भीतर से छू जाए, चाहे वे भारत में हों या किसी और देश में। दर-ओ-दीवार पर शक्लें-सी बनाने आई, फिर ये बारिश मेरी तन्हाई चुराने आई। जब मैंने पहले-पहले अपना वतन छोड़ा था, दूर तक मुझको कोई आवाज बुलाने आई...गजल की यह मेरी नई पंक्ति है, जो अब तक रिलीज नहीं हुई। कुछ ही दिनों में नए ताल और राग में दर्शकों के बीच ये पहुंचेगी।*

समाज लाइव

## छग सिंधी महापंचायत के दिवाली मिलन में संतों ने दिया आशीर्वाद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत के दिवाली मिलन समारोह में रविवार को प्रदेशभर से पूज्य सिंधी पंचायतों के मुखिया एवं धार्मिक स्थलों के संत-महंत शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी संस्थाओं तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों को अतिथियों ने सम्मानित किया। सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान शदाणी दरबार के प्रमुख, संत साईं युधिष्ठिर लाल, गोदड़ीधाम देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी, काशी-वृंदावन, छत्तीसगढ़ से यहां पहुंचे संत मनोहरलाल उदासी, मुरलीधर उदासी ने आशीर्वचन देकर संगत को निहाल किया। साथ ही समाज को बड़े पैमाने पर जोड़ने के प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ सिंधी महापंचायत को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों से पूज्य पंचायतों से मुखीगण और अन्य गणमान्य जनों ने पूरे उत्साह से अपनी सहभागिता निभाई। साथ में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण उपस्थिति से माहौल उत्सवपूर्ण रहा। कार्यक्रम में श्रीचंद सुंदरानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी, पवन प्रीतवानी, चेतन तारवानी, राजेश वासवानी, किशोर आहूजा, राधाकिशन सुंदरानी, जीतेंद्र बड़वानी, राजेश गुरनानी, सुदेश मध्यान, महेश आहूजा समेत समाजजन मौजूद थे।

हर्बल लाइव

## बदलती जीवनशैली में बॉडी डिटॉक्स के लिए आयुर्वेदिक पंचकर्म और कांसा थैरेपी की सलाह

**रायपुर।** तेजी से बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और बढ़ता मानसिक तनाव आज हर उम्र के व्यक्ति को अंदरूनी रूप से कमजोर बना रहा है। आधुनिक बीमारियां अब केवल शारीरिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक स्तर पर भी असर डाल रही हैं। ऐसे में आयुर्वेद में वर्णित प्राचीन शुद्धिकरण पद्धति 'पंचकर्म और कासा थाली चिकित्सा' शरीर को डिटॉक्स कर रोगों से लड़ने की शक्ति प्रदान कर रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह केवल उपचार नहीं, बल्कि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव का भी एक प्रभावशाली माध्यम है। बातचीत में विशेषज्ञों ने कहा कि इस प्रक्रिया से नसों में ब्लॉक, कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, पैरालिसिस जैसे समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है, जो पूर्ण रूप से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।



### आयुर्वेद में शरीर को अंदर से शुद्ध करने की प्रक्रिया

आयुर्वेद में शरीर को अंदर से शुद्ध करने और बीमारियों की जड़ तक पहुंचने के लिए पंचकर्म चिकित्सा को बेहद प्रभावी माना जाता है। इस संबंध में आयुर्वेद विशेषज्ञ अभिषेक शर्मा ने बताया कि पंचकर्म की दो प्रमुख प्रक्रियाएं हैं, वमन (वॉमिटिंग थैरेपी) और विवेचन (इमोशनल डिटॉक्स) यह शरीर को शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर डिटॉक्स करने में सहायक होती हैं। आयुर्वेद का मानना है कि जब शरीर में दोष असंतुलित होते हैं, तभी रोग उत्पन्न होते हैं। वमन और विवेचन की प्रक्रिया से ये दोष शरीर से बाहर निकलते हैं, जिससे बीमारियों की संभावना कम हो जाती है। अगर किसी व्यक्ति में कोई गंभीर रोग विकसित होने की संभावना हो, तो यह प्रक्रिया उसे समय रहते रोक सकती है।

सिटी इवेंट

## गुरु तेगबहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी पर होगी निबंध प्रतियोगिता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा गुरु तेगबहादुर साहिब की 350वीं शहीदी शताब्दी पर प्रदेशभर में जिला स्तरीय अंतर्विद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु तेगबहादुर साहिब के जीवन, त्याग, बलिदान एवं मानवता के उच्च आदर्शों के प्रति जानकारी देना है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित होगी, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। निबंध प्रतियोगिता का विषय "हिंद की चादर : श्री गुरु तेगबहादुर" है, जिसमें प्रतिभागियों को निबंध न्यूनतम 350 एवं अधिकतम 500 शब्दों में लिखना होगा। प्रत्येक जिले में विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता होगी, जिसमें सभी पंजीकृत विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए साथ ही सभी प्रतिभागियों को राज्य अल्पसंख्यक आयोग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार राशि के साथ सम्मान पत्र एवं मेडल भी दिए जाएंगे।

छग राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा प्रदेश के 33 जिलों में विद्यार्थियों के लिए विशेष आयोजन

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को गुरु तेगबहादुर साहिब के जीवन और शहादत पर आधारित प्रेरणादायी पुस्तक निःशुल्क निबंध प्रतियोगिता से एक सप्ताह पूर्व वितरित की जाएगी, ताकि विद्यार्थी उनके जीवन मूल्यों को पढ़कर निबंध लेखन में भाग ले सकें। गुरु तेगबहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे, जिन्हें पूरे विश्व में "हिंद की चादर" के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कश्मीरी पंडितों की गुहार पर धर्म, आस्था और मानवीय स्वतंत्रता की रक्षा के लिए औरंगजेब के अत्याचार के विरुद्ध अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

● 11 पंडित, ढोल-नगाड़े, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कपल की होगी एंट्री

# 10 लाख से 40 लाख तक थीम बेस्ट शादी का पैकेज आध्यात्मिक माहौल देने के साथ मंत्रोच्चार से स्वागत

तुलसी पूजा के साथ ही फिर से शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है, जिसे लेकर शहर के मैरिज भवन नवंबर, दिसंबर के लिए शुभ मुहूर्त के दिनों में बुक हो चुके हैं। सामाजिक और प्राइवेट भवन की मांग विवाह के लिए बढ़ी हुई है। शादी को यादगार बनाने इस बार भी थीम बेस्ट समारोह की मांग है, इसलिए लोग वेडिंग प्लानर से संपर्क कर रहे हैं। हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होते। इस वर्ष देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को है।







### शादी में राम-जानकी विवाह की झलक

*इस सीजन शादियों में थीम बेस्ट वेडिंग सेरेमनी की चर्चा है। वेडिंग प्लानर विनायक शर्मा ने बताया कि इस बार खास रामायण थीम पर शादियां देखने को मिलेंगी। इसमें घराती और बारातियों को राम-जानकी विवाह की झलक देखने मिलेगी। प्लानिंग बजट के हिसाब से होती है। रामायण थीम पर होने वाली शादी पर 10 लाख रुपए से अधिक का खर्च आता है। इसके अंतर्गत सजने वाले शादी के पंडाल को भगवा रंग दिया जाता है। दूल्हा-दुल्हन की एंट्री कपल कराते हैं। 11 ब्राह्मण शंख, ढोल-नगाड़े और एक साथ वैदिक मंत्रोच्चारण करेंगे, जिससे माहौल पूरी तरह से आध्यात्मिक हो जाएगा। वृंदावन और ऋषिकेश की थीम पर होने वाली शादियों पर शहरवासी 30 से 40 लाख रुपए तक खर्च करने वाले हैं।*

**रायपुर।** पंचांग के अनुसार, इस साल नवंबर और दिसंबर में विवाह के लिए कुल 16 शुभ मुहूर्त तिथियां हैं। मैरिज भवन संचालकों का कहना है कि 2, 5, 8 और 21 से 30 नवंबर तक अलग-अलग तिथि में बुकिंग हो चुकी है। ज्यादातर लोगों ने एडवांस पैसे भी दे दिए हैं। इसके अलावा सिंधी समाज, गुजराती और महाराष्ट्र मंडल के सामाजिक भवन की बुकिंग शुरू हो चुकी है। यहां भी नवंबर में 13 शुभ मुहूर्त के लिए भवन बुक हो चुके हैं। दिसंबर में केवल 3 मुहूर्त हैं।



### ललित महल में होगी शाही शादी

राजधानी में शाही शादी को लेकर ललित महल की पूछपरख इन दिनों बढ़ गई है। इस सीजन में बड़ी शादियां यहां होंगी। शुभ मुहूर्त में होटल महीनेभर से बुक होने लगे हैं। महानगरों के तरह अलग-अलग थीम में विवाह का आयोजन किया जाएगा। नवंबर के लिए लोग भवन और कमरे की बुकिंग शुरू कर चुके हैं। भवन का उपयोग शादी थीम के अनुसार कर सकेंगे। कृषि विवि स्थित अग्रसेन धाम में नवंबर में 6 से अधिक शादियां होंगी, जिनकी बुकिंग महीनों पहले से हो चुकी है। पदाधिकारियों का कहना है कि समाज के लोगों द्वारा बुकिंग अधिक की गई है। अग्रवाल समाज द्वारा यहां विवाह के लिए नए कमरे बनाए गए हैं, जिसका एक दिन का किराया 1 लाख से अधिक है। नवंबर-दिसंबर के लिए भी लोग बुकिंग करा चुके हैं। इसके अलावा नए साल में विवाह के लिए अग्रोहा धाम और सिंधु भवन की भी पूछपरख बढ़ गई है। यहां भी नबंवर में बुकिंग फुल बताई जा रही है।

# कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह सम्मेलन में युवाओं ने साझा किया अपना परिचय

**रायपुर।** कायस्थ समाज एवं सुषेण वैध स्मृति सेवा समिति द्वारा सामाजिक स्तर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। शहर स्थित प्रकाश पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों सामाजिक सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। खास अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जहां विभिन्न जिलों से आए 35 युवक-युवतियों ने अपना परिचय साझा किया। इस दौरान समाज द्वारा संचालित पत्रिका का विमोचन किया गया, जिसमें 1040 युवक-युवतियों का बायोडाटा पत्रिका के माध्यम से अनेक परिवारों को वितरित किया गया।



### कृष्ण मित्र फाउंडेशन का दीपावली मिलन



कृष्ण मित्र फाउंडेशन ने इस साल भी दीपावली मिलन का आयोजन किया। इसमें पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारी और सहयोगी शामिल हुए। जिनका श्मशानघाट के विकास, संरक्षण, संवर्धन में योगदान है। ऐसे सेवाभावी लोगों का समारोह में सम्मान भी किया गया। रविवार को देर-शाम किए गए आयोजन में फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव, उपाध्यक्ष रवि धनगर, सचिव गोवर्धन झंवर और धन्नू लाल देवांगन प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभी सदस्यों ने भगवान सोमेश्वर महादेव की पूजा आरती के बाद सम्मान समारोह किया। इसमें रतन जैन, राजेश सिंह ठाकुर, अशोक पटेल, हरिराम सेन, अरुण सोनी, विजय पाल का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया।

### महिलाओं को किया सम्मानित



इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें संयुक्त परिवार को बढ़ावा देने की दिशा में बसंती देवी बख्शी, अरुणलता श्रीवास्तव, सुनंदा वर्मा, समाजसेवी मनोरमा श्रीवास्तव, सर्वाधिक शिक्षित महिला श्रेणी में डॉ. पल्लवी सिन्हा, डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव, अर्चना प्रसाद, साहित्यक श्रेणी में मंजुला श्रीवास्तव, किरणलता वैद्य, मीडिया से प्रज्ञा प्रसाद, रूपाली श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, कुसुम अस्थाना और अमृता श्रीवास्तव शामिल रहीं। दीपावली समारोह में श्रीमद भागवत गीता के पात्रों से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, इस दौरान प्रत्येक सही जवाब पर लोगों को उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और भारतीय संस्कृति की महत्ता को भाषण के माध्यम से साझा किया।

# युवा उत्सव में छात्र-छात्राएं देंगे लोकगीतों की प्रस्तुति

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 'युवा उत्सव' का भव्य आयोजन बुधवार से होने जा रहा है। अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, वही महोत्सव की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल करेंगे। इस खास मौके पर छात्रों द्वारा लोकगीत व लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिलेगी। यहां बीते वर्ष 2024 की कई झलकियां भी छात्रों द्वारा पुनः प्रस्तुत की जाएंगी।

रविवि में अंतर महाविद्यालयीन आयोजन

### पहले दिन कार्यक्रम की रूपरेखा

विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से होगी, जहां छात्रों द्वारा लोकनृत्य व शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान प्रत्येक राज्यों की मनमोहक संस्कृति व परंपरा का दृश्य सभागार में आकर्षण का केंद्र रहेगा। दूसरी ओर छात्र अपनी रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपने नवीन विचार और तकनीकी ज्ञान को चित्रों के माध्यम से साझा करेंगे।

### भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की झलक

दूसरे दिन महोत्सव की शुरुआत नाटक मंचन से होगी, जिसका समन्वय प्रो. कल्लोल करेंगे। वहीं 30-31 अक्टूबर को म्यूजिक, सोलो-ग्रुप डांस परफॉर्मेंस, डिबेट कॉम्पिटिशन, थिएटर, लिटरेरी इवेंट, ग्रुप सॉन्ग होंगे। युवा उत्सव को यादगार बनाने विद्यार्थियों द्वारा वाद्ययंत्र पर प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें भारतीय संस्कृति की विभिन्न त्योहारों की धुनें सुनने को मिलेंगी।

राज्योत्सव में 1 व 2 नवंबर को होंगे 10 सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम

# राज्योत्सव में रंग झाझर, कंवर नाचा, सोनहा बादर और चिन्हारी द गर्ल्स बैंड ग्रुप बिखेरेंगे लोककला की झलक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की डे-टू-डे रंगारंग प्रस्तुति होगी। सोमवार को संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों की सूची जारी की है, जो नवा रायपुर में रजत महोत्सव के 25 बरस पूरे होने पर आयोजित राज्योत्सव में लोकगीत, संगीत से रंग जमाएंगे। इनमें प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार सुनील तिवारी, पीसी लाल यादव, दुष्यंत हरमुख, पद्मश्री डोमार सिंह, जितेंद्र कुमार साहू, चिन्हारी द गर्ल्स बैंड ग्रुप के लोक कलाकार राज्योत्सव के मुख्य सांस्कृतिक मंच पर 1 व 2 नवंबर को अपनी दमदार व मनमोहक पारंपरिक लोककला, गीत-संगीत की भव्य प्रस्तुति से समां बांधेंगे। इन कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोककला, संस्कृति के गीत, संगीत, नृत्य, नाचा-गम्मत की प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन होगा। बता दें कि संस्कृति विभाग की ओर से राज्योत्सव के लिए अब तक कुल 10 सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों के नामों की सूची जारी हो चुकी है। ऐसे में राज्योत्सव देखने पहुंचने वाले लोगों के लिए मुख्य सांस्कृतिक मंच पर अपने पसंददीदा लोक कलाकारों की झलक पाना सुखद अनुभूति होगा। इस तरह राज्योत्सव में 1 से 5 नवंबर तक रोजाना दर्शकों को एक मंच पर बैक टू बैक लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रमों व फिल्मी तराने दोनों का आनंद उठाने का अवसर मिलेगा।





### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय और तिथि

राज्योत्सव के मुख्य मंच पर संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखला में रंग झांझर 2 नंवबर, भक्ति व लोकगीत 1 नवंबर, दूध मोंगरा गंडई 1 नवंबर, रंग झरोखा 1 नवंबर, कंवर नाचा 2 नवंबर, चिन्हारी द गर्ल्स बैंड ग्रुप 2 नवंबर, सोनहा बादर 2 नवंबर को भव्य प्रस्तुति देंगे। इस तरह लोकमंच की विविध विधाओं की मनमोहक प्रस्तुति का राज्योत्सव पहुंचने वाले अगांतुक आनंद उठा सकेंगे।



### कलाकारों का होगा जोरदार स्वागत

लोक कलाकारों का स्थानीय दर्शक जोरदार स्वागत करने बेसब्री से राज्योत्सव सेरेमनी का इंतजार कर रहे हैं। एक तरह से राज्योत्सव का मंच लोक कलाकारों के लिए देश-दुनिया में छा जाने का एक सुनहरा अवसर है। संस्कृति विभाग की ओर से स्थानीय लोक कलाकारों को इन 5 दिवसीय राज्योत्सव में राज्य स्तर व जिला स्तर दोनों प्रकार के मंच प्रदान किए जा रहे हैं।

ज्योतिष

## इन मूलांकों के विवाह में आ रही बाधाएं होंगी दूर, पढ़ें अंक ज्योतिषफल



अंक ज्योतिष में व्यक्ति के भविष्य का आकलन मुख्य रूप से उसके मूलांक के आधार पर किया जा सकता है, जो जन्म तिथि से जाना जाता है। अंकशास्त्र, सामान्य तौर पर किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख पर होने वाली संख्याओं के कुल योग का अध्ययन करता है। इसमें कुल मूलांक 1 से लेकर 9 तक होता है। सभी अंक किसी न किसी ग्रह का प्रतिनिधित्व करते हैं। और इनसे ही मूलांक और भाग्यांक की गणना करके दैनिक अंक ज्योतिष भविष्यफल, साप्ताहिक अंकज्योतिष भविष्यफल, मासिक अंकज्योतिष भविष्यफल और वार्षिक अंकज्योतिष भविष्यफल के साथ ही आपके जीवन से जुड़ी तमाम घटनाओं के बारे में यहां हम आपको जानकारी देते हैं जिससे आपका जीवन सुखमय और समृद्ध बन सके।

उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानि 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है।

इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं



**अंक 1 :** आज का दिन नए बदलावों से भरा रहेगा और आपके काम का तनाव भी कम होगा। अतीत का कोई अवशेष आपके सामने आ सकता है। समय नए काम को प्रारंभ करने के लिए सामान्य रहेगा। धैर्यवान बने रहें।
शुभ अंक-5, शुभ रंग- हरा

**अंक 2 :** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। निवेश से अच्छा लाभ मिलने से कोई वाहन या वस्तु खरीदेंगे। अपने समय और ऊर्जा दोनों का सही उपयोग आप करने में सफल बनेंगे। हालांकि, अपने धैर्य को सही कामों के लिए बचा के रखें।
शुभ अंक- 22,शुभ रंग- ग्रे

**अंक 3 :** प्रेम जीवन में सुधार महसूस करेंगे। लेकिन संबंधियों से अप्रिय समाचार प्राप्ति के योग। काम को लेकर यात्रा पर जाना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। किसी मनचाहे कॉलेज में दाखिला मिल सकता है।
शुभ अंक- 15, शुभ रंग- पीला

**अंक 4 :** विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। इस दौरान कोई पुरानी मित्र आपके जीवन में वापस आ सकती हैं। लेकिन घर और बाहर के कामों में तालमेल बैठाने में परेशानियां आएंगी।
शुभ अंक- 22, शुभ रंग- ग्रे

**अंक 5 :** कॅरियर को लेकर आप थोड़ा परेशान रहेंगे। हालांकि, अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर ध्यान देना इस समय ज्यादा उचित होगा। आप अपने मन की बात दोस्त से साझा करेंगे।
शुभ अंक- 27, शुभ रंग- क्रीम

**अंक 6 :** व्यापार में मंदी तनाव का कारण बन सकती हैं। आपके रिश्ते पहले से मजबूत होंगे। घर वालों का साथ मिलेगा। अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। आपको वरिष्ठों और सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता होगी।
शुभ अंक-12, शुभ रंग- हरा

**अंक 7 :** छात्रों को किसी ट्रिप पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपको अपने पुराने परिचितों से मिलने का मौका भी मिल सकता है। लेकिन, ध्यान रखें कार्यस्थल पर कामों में लापरवाही न करें अन्यथा प्रमोशन प्रभावित हो सकता है।
शुभ अंक – 42, शुभ रंग - गोल्डन

**अंक 8 :** दिन की शुरुआत शुभ समाचार से होगी, जिससे खुशी का अनुभव होगा। नई नौकरी के लिए अगर अप्लाई किया था, तो अच्छा अपडेट मिल सकता है। विदेशी व्यापार से जुड़े लाभ के अवसर लाएगा।
शुभ अंक- 7, शुभ रंग- गुलाबी

**अंक 9 :** कार्यस्थल पर अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करें। मूलांक 9 के लोग अति उत्साह में जल्दबाजी या क्रोध से बचें। यह बदलाव रिश्तों की मधुरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
शुभ अंक- 4, शुभ रंग- केसरिया

### आपकी रोजमर्रा की गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है

# आलस और थकान ने बजा दी है बैंड? कहीं ये क्रॉनिक फटीग सिंड्रोम तो नहीं, जानें लक्षण

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ लोगों के शरीर में बेवजह हमेशा आलस और थकान बनी रहती है। ऐसा होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। आमतौर पर इसके पीछे शरीर की कुछ आंतरिक बीमारी हो सकती है। लेकिन, अगर आप स्वस्थ हैं और पूरी नींद भी ले रहे हैं, इसके बावजूद भी शरीर में थकान बनी रहती है तो ये क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम का संकेत हो सकता है। इस बीमारी का सबसे बड़ा लक्षण यह है कि आपको लंबे समय से लगातार अत्यधिक थकान रहती है, जो आराम करने के बाद भी दूर नहीं होती। यह एक जटिल और दीर्घकालिक बीमारी है। यह एक ऐसी थकान है जो आपकी रोजमर्रा की गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। इस बीमारी में न केवल शरीर में ऊर्जा की कमी महसूस होती है, बल्कि मरीज को शारीरिक या मानसिक मेहनत के बाद थकान का स्तर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, जिसे पोस्ट-एग्जर्शनल मैलेज कहते हैं।



### याददाश्त और एकाग्रता की समस्या

क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम का एक बड़ा लक्षण है 'ब्रेन फॉग'। इसमें मरीजों की याददाश्त और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बहुत कम हो जाती है। उन्हें कोई भी बात याद रखने या किसी एक काम पर फोकस करने में बहुत मुश्किल आती है। इस वजह से उनका दफ्तर का काम और रोजमर्रा का जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। यह सिर्फ थकान नहीं है, बल्कि मानसिक क्षमता पर सीधा असर डालती है, जिससे व्यक्ति हमेशा उलझन में महसूस करता है।

### वायरल जैसे दिखने वाले लक्षण

थकान के साथ-साथ, क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम के मरीजों को अक्सर बिना किसी खास वजह के गले में दर्द महसूस होता है। उन्हें गर्दन या बगल में लिम्फ नोड्स (गांठों) में दर्द और बार-बार सिरदर्द की शिकायत भी रहती है। ये सभी लक्षण किसी आम वायरल संक्रमण की तरह लगते हैं, लेकिन ये लंबे समय तक बने रहते हैं।

### इस बीमारी का कैसे पता चलता है?

क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम का पता लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि इसके लक्षण डिप्रेशन या थायरॉयड जैसी कई अन्य बीमारियों से मिलते-जुलते हैं। डॉक्टर इसका निदान तभी करते हैं जब व्यक्ति को छह महीने या उससे अधिक समय तक लगातार और गंभीर थकान बनी रहे, और सभी अन्य संभावित बीमारियों की जांच करके उन्हें खारिज कर दिया जाए। यह एक लंबी प्रक्रिया है, जिसके बाद ही क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम की पुष्टि होती है।

### क्या करें?

क्रॉनिक फटिग सिंड्रोम का कोई एक जादुई इलाज उपलब्ध नहीं है। इसके प्रबंधन के लिए सबसे जरूरी है जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना। ऐसे मरीजों को पर्याप्त और गहरी नींद लेनी चाहिए, साथ ही तनाव कम करने के तरीके सीखने चाहिए। शारीरिक गतिविधि को भी अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे और नियंत्रित तरीके से बढ़ाना जरूरी है। इन सब के अलावा भी अगर दर्द बना रहे तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

## ज्यादा प्रोटीन डायट कम उम्र में दे रही हार्ट अटैक को न्योता

आजकल हार्ट अटैक आना काफी नॉर्मल हो चुका है। कम उम्र में ही लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है और इसका कारण आजकल का खान-पान हो सकता है। जंक, प्रोसेस्ड फूड या ज्यादा तैलीय खाना दिल की सेहत को बिगाड़ सकता है। अब कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया कि आखिर क्यों लोगों को 35 साल की उम्र में ही दिल का दौरा पड़ रहा है। इसके पीछे का बड़ा कारण क्या है, चलिए जानते हैं।



**डॉक्टर की सलाह :** कार्डियोलॉजिस्ट व एमडी डॉक्टर दमित्रि यारानोव का कहना है कि आजकल की डायट ही दिल की सेहत की दुश्मन बनी हुई है। लोग बॉडी बनाने या फिट रहने के लिए हाई प्रोटीन डायट लेते हैं। यही सबसे बड़ा कारण है।

**हाई प्रोटीन डायट :** बॉडी को फिट रखने और मसल्स गेन करने के चक्कर में ज्यादा लोग हाई प्रोटीन युक्त खाना खाते हैं। बल्कि कुछ लोग प्रोटीन शेक या पाउडर भी पीते हैं। ऐसे लोगों को हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता है। प्रोटीन शरीर के लिए अच्छा है लेकिन ज्यादा लेने से दिल पर इसका असर पड़ता है। ऐसे में दिल काम करना बंद करने लगता है और नसें खिंच जाती है।

**मांस-मछली :** प्रोटीन की बात करें तो ये सबसे ज्यादा मीट, मछली, चिकन में पाया जाता है। जो लोग भारी मात्रा में नॉन-वेज खाते हैं, उन्हें भी कम उम्र में हार्ट अटैक होने का खतरा रहता है। डॉक्टर के अनुसार, अगर आप मीट खाते हैं तो उसे कम मात्रा में ही खाएं। ज्यादा प्रोटीन लेना अच्छा नहीं है।

**लक्षण :** कार्डियोलॉजिस्ट का कहना है कि ज्यादा प्रोटीन का सेवन आपके शरीर को फिट रखता है और कोई दिक्कत नहीं लगती। ऐसे में हार्ट अटैक होने से पहले कोई सिग्नल भी नहीं मिलता। लेकिन अचानक से टाइम बॉम्ब की तरह हार्ट ब्लास्ट हो जाता है।

## सर्दियों में दवा का काम करता है लहसुन इस तरह सेवन करने से मिलेंगे फायदें

सर्दियों के मौसम में खांसी-जुकाम, जोड़ों का दर्द और इम्यूनिटी कमजोर होने की समस्या कॉमन हो जाती है। कई लोग इन परेशानियों से बचने के लिए दवाओं का सहारा लेते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर्स की मानें तो सर्दियों में लहसुन औषधि की तरह काम करता है। लहसुन शरीर को अंदर से मजबूत करता है और तमाम परेशानियों से निजात दिलाता है। अलीगढ़ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सरोज गौतम से इस बारे में जरूरी बातें जान लेते हैं। लहसुन में सल्फर कंपाउंड्स पाए जाते हैं, जो औषधि का काम करते हैं। इनमें से एक कंपाउंड एलिसिन होता है, जो कई समस्याओं से राहत दिलाता है। लहसुन में विटामिन बी6, विटामिन सी, मैंगनीज, सेलेनियम और फाइबर जैसे तत्व होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। यही कारण है कि आयुर्वेद में लहसुन को प्राकृतिक एंटीबायोटिक कहा गया है। ठंड के मौसम में लहसुन का सेवन सर्दी-जुकाम और खांसी में बेहद असरदार माना जाता है। लहसुन



में मौजूद एलिसिन शरीर में बैक्टीरिया और वायरस से लड़ता है। अगर सुबह खाली पेट एक या दो लहसुन की कच्ची कली चबाकर खाई जाए या इसे दूध में उबालकर पिया जाए, तो इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और ठंड से बचाव होता है।

**शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है :** लहसुन का नियमित सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। यह शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को बाहर निकालने और संक्रमण से बचाने में मदद करता है। जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उनके लिए लहसुन सर्दियों का सबसे असरदार घरेलू उपाय है। लहसुन कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है।



## हर महिला को पता होने चाहिए मैमोग्राम और ब्रेस्ट पेन से जुड़े इन मिथकों की सच्चाई

हर साल अक्टूबर माह में ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ 2025 मनाया जाता है। यह खास दिन एक ग्लोबल हेल्थ केम्पैन है, जो महिलाओं के बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ी अवेयरनेस बढ़ाने, शुरुआती चेकअप को बढ़ावा देने, और ब्रेस्ट कैंसर से प्रभावित लोगों को सपोर्ट देने के लिए मनाया जाता है। इतना ही नहीं, यह एक खास दिन लोगों को ब्रेस्ट कैंसर के लिए एजुकेट करने और हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी करता है। बात दें, इस दिन को मनाने के लिए हर साल एक नई थीम भी रखी जाती है। बात अगर इस साल की थीम की करें तो, इस साल की थीम 'मेरा कारण' है। बहुत कम महिलाएं इस बात को जानती हैं कि ज्यादातर मामलों में, करीब 80 प्रतिशत से ज्यादा बार, स्तनों में दर्द का कारण कैंसर नहीं होता है।

### मैमोग्राफी से जुड़े मिथक और उनकी सच्चाई

**मिथक- मैमोग्राफी में इस्तेमाल होने वाली रेडिएशन की मात्रा अधिक**

**सच्चाई-** यह एक आम मिथक है कि मैमोग्राफी में इस्तेमाल होने वाली रेडिएशन की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। जबकि हकीकत में मैमोग्राम में मिलने वाली रेडिएशन की मात्रा बहुत कम होती है, जो प्राकृतिक परिवेश से मिलने वाले रेडिएशन या सामान्य एक्स-रे से भी कम है, और कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लाभ इस न्यूनतम जोखिम से कहीं ज्यादा हैं, इसलिए मैमोग्राफी में रेडिएशन का डर नहीं होना चाहिए।

**मिथक- क्या मैमोग्राफी दर्दनाक होती है।**

**सच्चाई-** मैमोग्राफी ज्यादा दर्दनाक नहीं होती है, लेकिन इमेजिंग के दौरान दबाव पड़ने से हल्का असहज महसूस हो सकता है। आम तौर पर सलाह दी जाती है कि पीरियड्स के एक हफ्ते बाद मैमोग्राफी करवाई जाए, जब ब्रेस्ट सबसे कम टाइट और कोमल होते हैं। अगर ब्रेस्ट में पहले से दर्द या टेंडरनेस है, तो जरूरत न हो तो उस समय टेस्ट टाल देना बेहतर होता है।

**मिथक- मैमोग्राफी के लिए सही उम्र 20 के बाद**

**सच्चाई-** मैमोग्राफी की सलाह डॉक्टर आम तौर पर 40 या 45 साल की उम्र के बाद ही देते हैं। इसके पीछे वजह यह है कि कम उम्र में महिलाओं के ब्रेस्ट ज्यादा डेंस होते हैं यानी उनमें दूध बनाने वाले टिश्यू ज्यादा होते हैं। मेनोपॉज के करीब या स्तनपान के बाद ये टिश्यू धीरे-धीरे कम हो जाते हैं और उनकी जगह फैट ले लेता है, जिससे मैमोग्राफी ज्यादा असरदार हो जाती है।

**मिथक- डेंस ब्रेस्ट में मैमोग्राफी की जाए तो उसका फायदा होता है।**

**सच्चाई-** अगर बहुत जल्दी, यानी डेंस ब्रेस्ट में मैमोग्राफी की जाए तो उसका फायदा कम होता है। इसलिए महिलाओं को अकसर 45 साल के आसपास से स्क्रीनिंग शुरू करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, जिन महिलाओं को रिस्क ज्यादा है, वो 40 की उम्र से भी शुरू कर सकती हैं।

**मिथक- मैमोग्राफी 100 प्रतिशत परफेक्ट होती है।**

**सच्चाई-** बता दें, मैमोग्राफी 100 प्रतिशत परफेक्ट नहीं होती है, इसे करवाने वाली महिलाओं के कभी-कभी फॉल्स पॉजिटिव या फॉल्स नेगेटिव रिजल्ट भी आ सकते हैं, यानी कोई असामान्यता छूट भी सकती है या गलत अलार्म भी बज सकता है।

### ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग तीन स्टेप्स में होती है

-महिला द्वारा खुद का ब्रेस्ट एग्जामिनेशन
-डॉक्टर द्वारा क्लीनिकल एग्जामिनेशन
-मैमोग्राफी के जरिए रेडियोलॉजिकल स्क्रीनिंग

### सलाह

अगर महिला से कुछ मिस हो जाए, तो डॉक्टर पकड़ सकते हैं, और अगर दोनों से भी छूट जाए, तो मैमोग्राफी शुरुआती (नॉन-पैलपेबल) स्टेज पर पकड़ सकती है। यही असली फायदा है जब इसे एक नियमित और लगातार चलने वाली स्क्रीनिंग के रूप में किया जाए, न कि सिर्फ एक बार के टेस्ट की तरह।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

इलेक्ट्रीक स्कूटर खरीदो साथ में आर्कषक उपहार पाओ
आसान किस्तों में 0% डाऊनपेमेंट में
BAJAJ FINSERV
लिथीयम आयरन बैटरी में 3 साल की बैटरी वारंटी मात्र 36000/- से स्टार
MRP. 6700/- Free Gift
SHREE SHYAM MOTORS
Ringroad Raipura Chowk, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
9039772000, 8962772000, 9229221744

भोई स्वीमिंग अकादमी
Bhoi SWIMMING ACADEMY
चौबे कालोनी रायपुर में जल्दी स्वीमिंग सीखने के लिए ज्वाईन करें
यहां उत्कृष्ट अनुभव प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा उच्च स्तरीय तैराको को विशेष रूप से स्वीमिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
सुबह का समय - 6 से 7, 7 से 8, 8 से 9, 9 से 10 बजे तक
शाम का समय - 4 से 5, 5 से 6, 6 से 7, 7 से 8 बजे तक
विशेष - रविवार को सुबह 9 से 10 बजे FREE DEMO CLASS बालक/बालिका को दिया जाएगा...
मो. 9589854455

इस त्यौहार शान से चालायें, अभी घर लाएं...
नवरात्रि और दिवाली ऑफर- 150000/- में ई रिक्शा ऑन रोड
लोडर 160000/- में ऑन रोड
दोपहिया वाहन रु 38000/- मात्र से शुरू
आरटीओ सब्सिडी उपलब्ध है और दीदी ई रिक्शा योजना उपलब्ध है
न्यूनतम डाउनपेमेंट 25000/-
Vinayak E-MOTORS
Call for Booking: 9406080682, 9827190877, 9993249054
पता- सीता टावर, राधा मोहन टावर के पास, भैस्थान रोड, रायपुर (छ.ग.)

D ART
UNIQUE & RELIABLE STORE FOR PERFECT GIFTS
सजाएं अपना घर
शो-पीस • मेटल आर्ट • पेंटिंग
वॉल क्लॉक • मिरर • फ्लॉवर पॉट
अर्टिफिशियल प्लान्ट्स एवं कई अट्रैक्टिव आइटम्स
D'Art
SUNDAYS OPEN
86, गेट नं.-1, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी, रायपुर. © 9300015858, 7415800058

DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment | 3 Year Warranty 3 सर्विस फ्री | आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
XO 501/- में घर लेकर जाये आसान किस्तों में
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
BAJAJ FINSERV फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

BAXY Mobility
भारत में बैक कैमरा वाला पहला ई-रिक्शा
GST कम होने पर, दामों में कमी
■ तत्काल फायनेंस की सुविधा
■ 15/36 माह की बैटरी पर वारंटी
■ 120 किलोमीटर तक की रेंज
■ 130/135 AH की बैटरी के साथ
■ मजबूत एवं भरोसेमंद ■ लो मेंटेनेंस
दीवाली धमाका मात्र 1 लाख में ई-रिक्शा
प्रत्येक गाड़ी की खरीदी पर LED TV फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये
SKM AUTOWHEELS MOB. 8602351000, 8305180078

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बीमारी के खुलासे के बाद किम ने मनाया जन्मदिन, हॉट अवतार से मचाई सनसनी



हॉलीवुड की मशहूर टीवी पर्सनालिटी और बिजनेसवुमन किम कार्दशियन ने हाल ही में एक ऐसा खुलासा किया है जिसने उनके फैंस को गहरी चिंता में डाल दिया है। रियलिटी शो 'द कार्दशियन्स' के सातवें सीजन के प्रीमियर एपिसोड में किम ने बताया कि वह दिमाग की एक गंभीर बीमारी ब्रेन एन्यूरिज्म से जूझ रही हैं। 45 साल की किम ने बताया कि डॉक्टरों ने इस बीमारी के पीछे तनाव को प्रमुख कारण बताया है। इसी बीच उन्होंने 21 अक्टूबर को हुए अपने बर्थडे बैश की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका हॉट अवतार देखने को मिल रहा है। अपने ग्लैमरस अंदाज और बिजनेस ब्रांड्स के लिए किम कार्दशियन दुनियाभर में जानी जाती हैं। फिलहाल वो अपने जीवन के एक मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, यह बीमारी बेहद खतरनाक हो सकती है, खासकर तब जब मरीज को समय पर इसका पता न चले। ब्रेन एन्यूरिज्म ऐसी स्थिति होती है जिसमें दिमाग की किसी धमनी की दीवार कमजोर हो जाती है और वह धीरे-धीरे फूलने लगती है। जैसे किसी गुब्बारे में हवा भरने पर उसका एक हिस्सा पतला और कमजोर हो जाता है, ठीक उसी तरह दिमाग की यह धमनी भी किसी समय फट सकती है। अगर ऐसा होता है तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। किम कार्दशियन ने साल 2022 में अपने पति और रैपर कान्ये वेस्ट से तलाक लिया था।

### टॉलीवुड

## 'रश्मिका एकमात्र अभिनेत्री जो कितने भी घंटे काम करती हैं'



दीपिका पादुकोण के 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर होने के बाद, आठ घंटे काम करने की शिफ्ट को लेकर एक नई बहस छिड़ी हुई है। अब काम के घंटों की शिफ्ट के मुद्दे पर रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के प्रोड्यूसर एसकेएन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। एसकेएन ने रश्मिका की तारीफ करते हुए उन्हें एकमात्र ऐसी अभिनेत्री बताया जिस पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है। फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। इस दौरान रश्मिका अपनी तारीफ सुनकर बगल में खड़ी मुस्कुराती रहीं। आठ घंटे काम की शिफ्ट को लेकर बहस तब छिड़ी जब दीपिका संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित 'स्पिरिट' से अलग हो गईं। इसके बाद कहा गया कि रश्मिका के फिल्म से बाहर होने की वजह उनके आठ घंटे काम करने की मांग करना था। इसको लेकर दीपिका और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के बीच थोड़ी तनातनी भी देखने को मिली थी। इसके बाद हाल ही में इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए दीपिका ने एक इंटरव्यू में कहा कि एक महिला होने के नाते, अगर यह दबाव डालने जैसा लग रहा है, तो ऐसा ही हो। इंडस्ट्री के कई प्रमुख पुरुष सितारे कई साल से बिना किसी चर्चाओं के 8 घंटे की शिफ्ट में काम कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचीं अक्षरा ने गाए छठ गीत




भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह छठ का त्योहार पारंपरिक तरीके से मना रही हैं। उन्होंने छठ व्रत किया है। नहाय खाय और खरना के बाद इस त्योहार का सोमवार को तीसरा दिन था, जिसमें डूबते सूरज की आराधना की जाती है। अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए अक्षरा पटना के दीघा घाट पहुंची हैं। यहां उन्होंने लोगों के साथ छठ के गीत गाए। साथ ही इस महापर्व का महत्व भी बताया। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पटना के दीघा घाट पर सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचीं। उन्होंने यहां मौजूद अन्य व्रतियों और श्रद्धालुओं के साथ छठ गीत गाए। लाल रंग की साड़ी पहने अक्षरा बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वे पारंपरिक तरीके से पूरे विधि-विधान से इस महापर्व को मना रही हैं। अक्षरा का कहना है कि यह त्योहार हर बिहारवासी के रोम-रोम में बसा है। अक्षरा ने छठ के त्योहार के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा, 'तीन दिन कैसे निकल गए पता नहीं चला। बिल्कुल भी थकान नहीं हुई। आज पहला अर्घ्य है। हमारे बिहार में इस पर्व की तो मान्यता है ही, लेकिन हम सबके रोम-रोम में छठ पूजा बसती है। बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुए हैं हम। छठ पूजा को बिहारियों का इमोशन कहा जाता है। छठ व्रत मेरा सफल होते नजर आ रहा है। समस्त भारत वर्ष के लिए कामना करना चाहती हूं। हर किसी के जीवन में बहुत सारी खुशियां और उन्नति आए'। अक्षरा सिंह ने व्यवस्थाओं को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छी व्यवस्था है। बिहार में छठ पूजा पर यूं भी सब एक-दूसरे को बहुत सहयोग करते हैं। प्रशासन की तरफ से इस बार बहुत अच्छी व्यवस्था है। एक कमी आप नहीं निकाल पाएंगे'।

## लाइफ स्टाइल

## रेड साड़ी में रीम समीर का रॉयल अंदाज

टीवी की खूबसूरत अदाकारा रीम समीर अपने फैशन सेंस के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक खूबसूरत रेड साड़ी लुक में सबका दिल जीत लिया। उनका यह पारंपरिक अंदाज ना केवल एलिगेंट दिखा, बल्कि मॉडर्न स्टाइल का भी परफेक्ट टच लिए हुए था। सिल्क टेक्सचर की इस साड़ी में रीम ने अपनी नेचुरल ब्यूटी को और निखारा, वहीं मिनिमल ज्वेलरी और न्यूड मेकअप ने लुक में चार चांद लगा दिए।



## चेहरे पर कॉफी लगाते हैं तो जान लें इसके बड़े नुकसान

चेहरे पर कॉफी लगाना आजकल एक ब्यूटी ट्रेंड बन चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग इसे स्क्रब या फेस पैक के रूप में इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। माना जाता है कि कॉफी स्किन को एक्सफोलिएट करती है, ग्लो देती है और डार्क सर्कल्स को कम करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कॉफी का गलत इस्तेमाल आपकी त्वचा को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान भी पहुंचा सकता है? इसलिए कॉफी लगाने से पहले इसके दुष्प्रभावों को जानना बहुत जरूरी है, ताकि आपकी स्किन हेल्दी और सुरक्षित बनी रहे। तो अगर आप भी चेहरे पर कॉफी का इस्तेमाल करते हैं तो ये लेख आपके काम का है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कॉफी के कुछ नुकसानों के बारे में, जो आपके चेहरे पर प्रभाव डाल सकते हैं।

**त्वचा में रूखापन :** कॉफी में मौजूद कैफीन स्किन की नमी को सोख लेता है। ऐसे में अगर आप बार-बार कॉफी फेस पैक या स्क्रब लगाते हैं तो त्वचा अपनी नेचुरल मॉइस्चर खो देती है और खिंचाव महसूस होने लगता है। खासकर ठंड के मौसम में इसका असर ज्यादा दिखाई देता है।

**एलर्जी और जलन :** संवेदनशील त्वचा वालों के लिए कॉफी नुकसानदायक साबित हो सकती है। इसमें मौजूद एसिडिक तत्वों से खुजली, जलन या लाल दाने जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए पहले पैच टेस्ट जरूर करें।



अगर इससे आपको कोई दिक्कत नहीं हो रही है, तभी कॉफी को चेहरे पर लगाएं।

**पिगमेंटेशन बढ़ना :** कॉफी स्क्रब करते समय अगर आप ज्यादा रगड़ते हैं तो त्वचा पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन बढ़ सकता है। इससे स्किन टोन असमान हो जाता है। इसलिए, जितना हो सके कॉफी के इस्तेमाल से बचें।

**मुंहासे और एक्ने :** कॉफी पाउडर के कण कभी-कभी स्किन के पोर्स को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे ऑयल और डस्ट जमा हो जाती है और एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। अगर आप इन दिक्कतों से बचना चाहते हैं तो कॉफी के इस्तेमाल से दूर रहें।

### कठोर स्क्रबिंग से नुकसान

कॉफी का टेक्सचर थोड़ा हार्ड होता है। अगर इसे जोर से रगड़ा जाए तो स्किन की ऊपरी परत को नुकसान पहुंच सकता है जिससे जलन या छोटे कट्स हो सकते हैं। इसलिए कॉफी के स्क्रब का इस्तेमाल सोच-समझ के करें।

### डॉक्टर की सलाह जरूरी

किसी भी नए कॉफी पैक या DIY स्क्रब को लगाने से पहले डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह लेना बेहतर होता है। हर व्यक्ति की त्वचा अलग होती है, इसलिए प्रोडक्ट का असर भी अलग-अलग हो सकता है।

## एलीगेंस और कम्फर्ट का संगम, ऐसे तैयार होता है मॉडर्न इंडियन वियर का नया रूप

फैशन





आज के समय में फैशन सिर्फ स्टाइल का मामला नहीं रहा, बल्कि कम्फर्ट भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गया है। मॉडर्न इंडियन वियर इसी बदलाव का प्रतीक है। दरअसल, पारंपरिक भारतीय पोशाकों में आधुनिक टच डालकर अब पहनने वालों को आराम के साथ-साथ एलीगेंस भी मिलता है। चाहे ऑफिस हो, शादी समारोह या कैजुअल आउटिंग, अब लोग ऐसे आउटफिट्स पसंद कर रहे हैं जो क्लासी दिखें और पहनने में आसान हों।

मॉडर्न इंडियन वियर में हल्के फैब्रिक्स, स्मार्ट कट्स और फैशन-सेंस के साथ ट्रेंडी डिजाइन शामिल हैं। कुर्ता-पैंट, एथनिक ड्रेस, शरारा, लांग कुर्ता या इन्डो-वेस्टर्न फ्यूजन, ये सब स्टाइल और आराम का मेल दिखाते हैं। फैशन ब्रांड्स अब ऐसे कलेक्शन पर फोकस कर रहे हैं जो पारंपरिक भारतीय विरासत को आधुनिक लाइफस्टाइल के साथ जोड़ते हैं।

**फैब्रिक का चुनाव :** फैब्रिक किसी भी आउटफिट की आत्मा होता है। कॉटन, लिनन और जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक्स न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि गर्मियों और ऑफिस दोनों के लिए परफेक्ट होते हैं। कॉटन और लिनन स्किन को सांस लेने देते हैं और लंबे समय तक पहनने पर भी आरामदायक रहते हैं। जॉर्जेट फैब्रिक थोड़ी फ्लोइंग टेक्सचर देता है जिससे कपड़ा दिखने में लाइट और एलीगेंट लगता है। इसलिए आजकल ऐसे ही फैब्रिक ट्रेंड में हैं।

**कपड़े की कटिंग :** कपड़े की कटिंग स्टाइल और कम्फर्ट को जोड़ती है। स्लिम कट आउटफिट्स फिगर को शार्प और टोंड दिखाते हैं। ए-लाइन और फ्लेयर्ड कट्स ऐसे डिजाइन हैं जो मूवमेंट में आसानी देते हैं और कैजुअल या फेस्टिवल वियर दोनों में खूबसूरत लगते हैं। ऐसे में अब कपड़ों की कटिंग के समय इसका ध्यान भी रखा जाता है।

**कलर पैलेट का सही होना है जरूरी :** आज के समय में वो चमक-दमक वाले रंगों को पहनने का ट्रेंड नहीं है। अब पेस्टल और म्यूट कलर ऑफिस और पार्टी दोनों के लिए परफेक्ट हैं। ये रंग स्टाइलिश दिखते हैं और फेस्टिवल या डेली वियर के लिए उपयुक्त हैं।

**इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन :** ये अब फैशन का नया ट्रेंड है। कुर्ता को जींस या पैंट के साथ पहनकर कैजुअल और ट्रेंडी लुक मिल सकता है। शरारा या लांग कुर्ता के साथ स्ट्रेट पैंट भी इंडो-वेस्टर्न स्टाइल का हिस्सा हैं। ये काफी कंफर्टेबल कपड़े रहते हैं।

**एक्सेसरीज :** हर तरह के मॉर्डन आउटफिट को परफेक्ट बनाने के लिए सही एक्सेसरीज जरूरी हैं। एलीगेंट ईयररिंग्स, चूड़ियां, बेल्ट्स और हल्के नेकपीस पहनकर लुक को कंप्लीट किया जा सकता है।

## छठ पूजा पर नई-नवेली दुल्हन सी सजीं मनीषा, लुक्स की हो रही जमकर तारीफें

'बिग बॉस ओटीटी 2', 'झलक दिखला जा' जैसे कई रियलिटी शोज में धूम मचाने वाली मनीषा रानी का अंदाज फैंस को खूब पसंद आता है। हाल ही में मनीषा ने अपने इंस्टाग्राम पर छठ पूजा से जुड़ी कुछ तस्वीरें साझा की, जहां फैंस को उनका लुक काफी पसंद आया है। हरी साड़ी और गोल्ड ज्वैलरी में मनीषा किसी नई-नवेली दुल्हन से कम नहीं लग रही थीं। उनके इस ट्रेडिशनल लुक की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। आइए जानते हैं मनीषा के इस लुक से जुड़ी कुछ खास बातें।

**पारंपरिक लुक में तैयार हुईं मनीषा :** पिछली बार की तरह ही मनीषा ने इस बार भी एकदम पारंपरिक साड़ी पहनी है। ब्राइट हरे और ऑरेंज रंग की साड़ी पर गोल्डन वर्क बहुत ही सुंदर लग रहा है। ब्लाउज की स्लीव्स सेंटर ऑफ अट्रैक्शन हैं, जिनपर ढेर सारी एंब्रॉयडरी और पर्ल वर्क है। इस तरह की साड़ी बेस्ट है, अगर आप एकदम ट्रेडिशनल लुक में तैयार होना चाहती हैं। किसी त्योहार या पूजा के लिए बहुत ही बढ़िया लुक रहेगा।



### टेंपल ज्वैलरी ने लगाए लुक में चार चांद

मनीषा के लुक में चार चांद लगाने का काम उनकी ज्वैलरी ने किया है। उन्होंने गोल्ड की ट्रेडिशनल टेंपल ज्वैलरी वियर की है, जो बहुत ही सुंदर लगती है। आप नोटिस करेंगी कि उनका नेकलेस उनकी साड़ी के साथ परफेक्टली मैच भी हो रहा है। मनीषा ने कानों में ट्रेडिशनल झुमकी वियर की हैं, जिसके साथ मांगटीका ने उनके लुक को और भी खास बना दिया है।

## सिर्फ दस रुपए खर्च करके तैयार करें ये हेयर जेल, उलझे हुए बाल हो जाएंगे रेशम जैसे

अगर आपके बाल भी घुंघराले हैं या फिर हमेशा उलझे-उलझे रहते हैं तो अलसी के बीज आपके बेहद काम के हैं। दरअसल, अलसी के बीज न सिर्फ हेल्दी भोजन के लिए ही नहीं, बल्कि बालों की देखभाल में भी बेहद फायदेमंद होते हैं। ऐसे में बालों में अलसी के बीज से बने घरेलू हेयर जेल का इस्तेमाल करने से बाल मुलायम, चमकदार बन सकते हैं।

**अलसी का जेल बनाने का सामान :** इसे बनाने के लिए आपको सिर्फ दो बड़े चम्मच अलसी की बीजों की और एक कप पानी की जरूरत पड़ेगी।

**हेयर जेल बनाने की विधि :** अलसी के बीजों से हेयर जेल बनाने के लिए सबसे पहले तो अलसी के बीज को पानी में 10–15



मिनट के लिए भिगो दें। कुछ देर बाद इसे गैस पर रखकर उबाल लें। उबालने से ये चिपचिपा सा होने लगेगा। जब बीज पानी में जेल जैसा हो जाए, तो इसे कुछ देर के लिए साइड में रख दें, ताकि ये ठंडा हो जाए। मिश्रण के ठंडा होने के बाद इसे मिक्सर में अच्छी तरह ब्लेंड करें। ब्लैंड करने के बाद एक सूती कपड़े में रखकर इसे छान लें। छानने के बाद जो चिपचिपा पदार्थ निकला है, वही अलसी का जेल है।

**ऐसे करें उपयोग :** इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। इस जेल के इस्तेमाल के से पहले अपने बालों को धो लें। जब बाल हल्के गीले हों, तभी इसे अपने हाथों की मदद से इसे बालों के सिरों से लेकर स्कैल्प तक पर अप्लाई करें। बस बालों को अब ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद आपके बाल न तो उलझेंगे और न ही बेजान दिखेंगे।

**एक्स्ट्रा टिप :** आप चाहें तो खुशबू और ज्यादा फायदे के लिए इसमें लैवेंडर या रोजमेरी का एसेंशियल ऑयल भी मिला सकते हैं। इसकी वजह से आपके बालों में खुशबू भी आने लगेगी।

कार्नर न्यूज

### आज के दौर की अदाकाराएं भी इस ट्रेंड को अपनाने से पीछे नहीं रहीं

## लौट आया है ईयरचेन का फैशन, लेकिन पहनने से पहले ये बातें जरूर जान लें

जया प्रदा, श्री देवी, हेमा मालिनी जैसी खूबसूरत कलाकारों के लुक में अक्सर एक चीज आमतौर पर दिखती थी। वह थी, इयरचेन। जिसे वे कान से बांधकर चोटी में फंसाती थीं। यह अक्सर कई लेयर वाली हुआ करती थी और कमाल की नजर आती थीं। पिछले वेडिंग सीजन में चोटी ने खूब धूम मचाई, तो भला इयरचेन कैसे पीछे रह सकती थी। इस बार इयर चेन फैशन में टक्कर का मुकाबला लेकर आई है। आज के दौर की अदाकाराएं भी इस ट्रेंड को अपनाने से पीछे नहीं रहीं। कुछ दिनों पहले ही आलिया भट्ट ने इयर चेन वाले इयर रिंग का आपना लुक साझा किया था। उनके अलावा सोनम कपूर और शोभिता धूलिपला ने भी मिलता-जुलता लुक साझा किया था, जिसमें उन्होंने इयर चेन पहन रखी थी।



### जानिए क्या है नया?

चलन में केवल इयर चेन ही नहीं है, बल्कि चेन वाली या चेन जैसी दिखने वाली इयररिंग भी खूब पसंद की जा रही हैं। खासतौर पर वे लोग इसे ज्यादा अपना रहे हैं, जिन्होंने कान में कई जगह छेद करवाएं हैं। आपको सुई-धागा वाली इयर रिंग तो याद ही होगी। यह कान में धागे की तरह पहनी जाती थी। कुछ समय से इसका चलन बंद नजर आ रहा था। पर अभी हाल ही में अदाकारा यामी गौतम अपनी पारंपरिक देझूर में नजर आईं। ये एक लंबी चेन जैसा झुमका होता है। इसके बाद कान में चेन खूब पसंद की जाने लगी।

### एक जैसे, पर अलग-अलग

**इयर चेन :** यह वही पारंपरिक इयर चेन है, जिसे हम दशकों पहले देखा करते थे। हां, अब इसमें लेयर बढ़ गई हैं। खास बात यह है कि इस बार चलन में आई इयर चेन, इयर रिंग या झुमकों से ज्यादा भारी है और आपके पूरे लुक का जिम्मा अकेले उठा रही हैं। इन्हें खुले बालों या चोटी के साथ पहना जा रहा है, जो लाजवाब लुक दे रहा है।

**थ्रेडर इयर रिंग :** यह वही सुई-धागा है। पहले यह कान के आर-पार जाकर सीधा लटक जाता था और नीचे कोई जोड़ नहीं हुआ करता था, लेकिन इस बार के थ्रेडर में नीचे लूप बनता है। यानी इसका छोर देखना मुश्किल है। इस तरह के इयर रिंग लंबे होते हैं और अगर आपके कान में कई छेद हैं, तो आप एक से दूसरे तक चेन को ले जाकर लूप वाला डिजाइन बना सकती हैं।

**चेन इयरकफ :** इन दिनों इयरकफ भी चलन में हैं। आपको ऐसे इयरकफ नजर आने वाले हैं, जिनमें दो टॉप्स एक या दो चेन से जुड़े हैं। टॉप्स का एक हिस्सा आपको अपने कान के छेद में डालना होता है और दूसरा कान के ऊपरी हिस्से में दबाना होता है, जिससे बीच में चेन का लूप आ जाता है। इसके अलावा अगर आपने कान में छेद नहीं करवाया है, तब भी आप इयरकफ पहन सकती हैं।

### मौके के हिसाब से करें चुनाव

हर मौके पर एक ही तरह से तैयार नहीं हुआ जा सकता है। अगर आप पारंपरिक तरीके से तैयार होना चाहती हैं, तो बेधड़क हेवी लुक वाली इयर चेन पहन सकती हैं, लेकिन इसमें इस बात का खयाल रखें कि आपकी इयर रिंग आपकी भारी-भरकम इयर चेन के लुक को खत्म न करें। कोशिश करें कि इयर रिंग छोटी हो। इसके अलावा ऐसी इयर चेन पहनते समय गले को खाली रखें और ध्यान रखें कि ब्लाउज का गला भी बहुत छोटा न हो। वहीं अगर आप फॉर्मल लुक में इयर चेन पहनना चाहती हैं, तो चेन ड्रॉप इयर रिंग या पुल थ्रू स्टाइल वाली इयर रिंग अपना सकती हैं।